संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -328 रविवार ,29 सितम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें



### भगत सिंह की जयंती पर पीएम मोदी,अमित शाह और जेपी नड्डा ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,28 सितम्बर 2024 (ए)।**शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया। लिखा,मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले अमर शहीद भगत सिंह को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी साथियों ने साहस का परिचय देते हुए साहसिक कार्य किए, जिनका देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान है। वह जब तक जिए एक मिशन के तहत जिए। और उसी के लिए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। वह मिशन था भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी दिलाना। हम भले ही भगत सिंह न बन पाएं लेकिन, भगत सिंह जैसा देश प्रेम हमारे दिलों में होना चाहिए।

### उड़ीसा सरकार ने भद्रक जिले में 48 घंटे के लिए निलंबित की इंटरनेट सेवाएं



**भद्रक,28 सितम्बर 2024 (ए)।**भद्रक जिले में सोशल मीडिया पोस्ट के कारण हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए ओडिशा सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया है। सरकार की ओर से यह फैसला जिले में शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लिया गया है। इंटरनेट सेवाओं के निलंबन का उद्देश्य स्थिति को और अधिक बिगड़ने से रोकना और शांति बनाए रखना है। ओडिशा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सत्यब्रत साहू की ओर से शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि भड़काऊ संदेशों के प्रसार को रोकने के लिए पूरे जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। इस दौरान व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स सेवाएं बाधित रहेंगी।

### असम में बांग्लादेशियों को दिखाया गया बाहर का रास्ता



**गुवाहाटी,28 सितम्बर 2024 (ए)।**असम सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने जानकारी दी है कि राज्य पुलिस ने हाल ही में 17 बांग्लादेशियों को राज्य की सीमा से वापस भेजा है। इनमें 9 वयस्क और 8 बच्चे शामिल हैं। सरमा ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इन सभी के नाम भी साझा किए हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।बांग्लादेश में हाल ही में हुई हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के बाद से बीएसएफ ने असम की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। कई लोग हिंसा से बचने के लिए भारत आने की कोशिश कर रहे हैं। असम सरकार ने घुसपैठ के खिलाफ सख्त रुख अपनाया हुआ है। राज्य सरकार ने पहले भी कई बार बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकाला है।

### चाइनीज लहसुन ने बढ़ाई चिंता



#### मामला पहुंचा इलाहाबाद हाई कोर्ट

**नई दिल्ली,28 सितम्बर 2024 (ए)।** चाइनीज लहसुन ने लोगों की चिंता बढ़ा रखी है. लहसुन की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में तस्कर चीन से लहसुन ला रहे हैं। ये लहसुन नेपाल के रास्ते भारत पहुंच रहा है. इसी महीने यूपी में चाइनीज लहसुन पकड़ा भी गया था। अब चाइनीज लहसुन का मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंच गया है।

# नान घोटाला मामले पर सुप्रीमकोर्ट का बड़ा फैसला

» **नान घोटाला : टुटेजा और शुक्ला को जमानत देने पर हाईकोर्ट जज की भूमिका की जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट,छत्तीसगढ़ सरकार और ईडी ने लगाया है ये आरोप...**

» **मामले में ईडी ने की गंभीर टिप्पणी...**

**नई दिल्ली,28 सितम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में हुए नागरिक पूर्ति निगम घोटाले के आरोपी आईएएस अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला को अग्रिम जमानत दिए जाने के मामले में हाई कोर्ट के जज की भूमिका को लेकर सरकार और श्वष्ठ ने सवाल उठाया है। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जज पर लगाए गए आरोपों की जांच का निर्णय लिया है। आरोप है कि टुटेजा और शुक्ला ने अग्रिम जमानत प्राप्त करने के लिए एक हाईकोर्ट जज को प्रभावित किया। जस्टिस एएस ओका और एजी मसीह की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से इन मामलों में कुछ सबूतों की मांग की। उन्हें जानना था कि क्या जमानत पाए इन अफ़सरों ने जमानत का दुरुपयोग करते हुए सबूतों से छेड़छाड़ की है? और क्या उन्होंने जज को प्रभावित किया।





### गायब हो गया सबूतों से भरा सीलबंद लिफाफा

राजू ने कहा कि ईडी ने सबूतों को सीलबंद लिफाफे में पेश किया था, लेकिन अभी अदालत को ये मिल नहीं रहे हैं। उन्होंने सबूत दुबारा दाखिल करने की पेशकश की। राजू ने कहा, ÷ऐसी दीमकों को न्यायिक प्रणाली को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### तत्कालीन महाधिवक्ता पर धोखाधड़ी का आरोप

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि राज्य ने हलफनामों में पूर्व नौकरशाहों, तत्कालीन महाधिवक्ता और जज के बीच सांठगांठ के सबूत के तौर पर व्हाट्सएप चैट के विवरण शामिल किए हैं। जेठमलानी ने यह भी कहा कि तत्कालीन महाधिवक्ता धोखाधड़ी में शामिल हैं और जमानत देने में उन्होंने मदद की है।

### पिछली सरकार ने सबूतों से की थी छेड़छाड़

हालांकि ईडी के 1 अगस्त के हलफनामे में संबंधित जज का नाम नहीं है, लेकिन वाट्सएप चैट विवरण में उनका नाम शामिल है। ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश हलफनामा में दावा किया गया है कि पूर्ववर्ती सरकार ने मामले को कमजोर करने के लिए सबूतों के साथ छेड़छाड़ की थी।
मुकदमे को पटरी से उतारने की कोशिश की गई। मामले की जांच शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। वाट्सएप संदेशों के आदान-प्रदान से पता चला है कि जज की बेटी और दामाद का बायोडाटा तत्कालीन एजी द्वारा अनुकूल कार्रवाई के लिए टुटेजा को भेजा गया था।ईडी की ओर से कहा गया है कि आरोपी व्यक्ति अनुसूचित अपराध में अन्य मुख्य आरोपियों की भूमिका को कमजोर करने के लिए सह अभियुक्त शिव शंकर भट्ट के मसौदा बयान को साझा करने और संशोधित करने में शामिल थे।

### आरोपियों के अधिवक्ता ने दिया ये तर्क

आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार का इस मामले में कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि यह विवाद केवल आरोपियों और ईडी के बीच का है। रोहतगी ने तर्क दिया कि ये हलफनामे अदालत में चल रही प्रक्रिया के संदर्भ में निरर्थक हैं, खासकर जब ईडी मामले की सुनवाई को राज्य से बाहर ले जाने की कोशिश कर रहा है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर को तय करते हुए कहा कि उसे आरोपी, पूर्व एजी और न्यायाधीश के बीच कथित सांठगांठ पर ईडी और राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए सबूतों की जांच करनी चाहिए। पीठ ने स्पष्ट किया, हम इसकी गहन जांच करेंगे क्योंकि आरोप न्यायिक प्रणाली पर सवाल उठाते हैं।

## कांग्रेस ने कहा हाथ बदलेगा हालात



25 लाख तक का मुफ्त इलाज का वादा

» **महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपये समेत किए कई वादे**

**हरियाणा,28 सितम्बर 2024 (ए)।** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र हाथ बदलेगा हालात के नाम से जारी कर दिया है। इसमें लोगों को 25 लाख तक का मुफ्त इलाज, महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपये और गरीबों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है।चंडीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान इस मौके पर मौजूद रहे।हालांकि, नाराज बताई जा रहीं सांसद कुमारी सैलजा समारोह में मौजूद नहीं थीं।इंदिरा लाडली बहन सम्मान योजना के तहत कांग्रेस 18 साल से 60 साल तक की महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये देगी। महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर भी दिया जाएगा।महिलाओं की मालिकाना हक वाली संपत्ति पर टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।हरियाणा में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण भी दिया जाएगा।महिलाओं के लिए कॉलेज तक मुफ्त शिक्षा और विशेष बसें चलाई जाएंगी।कांग्रेस ने किसान आंदोलन के दौरान मारे गए 700 से अधिक किसानों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा किया है।इसके अलावा सतलुज-यमुना लिंक नहर से पानी लेने का वादा भी किया गया है।हिमाचल प्रदेश की तरह हरियाणा में भी पुरानी पेंशन योजना लागू करने की बात भी कांग्रेस के घोषणापत्र में है।प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर क्रीमी लेयर का दायरा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया जाएगा।कांग्रेस ने कहा कि किसानों पर बीते समय में दर्ज किए गए सभी मामले वापस लिए जाएंगी और पूरे मामलों की समीक्षा की जाएगी।घोषणा पत्र समिति की अध्यक्ष गीता भुक्कल ने कहा, हरियाणा किसान की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर बिकेगा। कांग्रेस सरकार बनने पर ब्राह्मण कल्याण आयोग का गठन, पंजाबी वेलफेयर बोर्ड और अल्पसंख्यक आयोग का भी गठन किया जाएगा। सफाई कर्मियों को ड्यूटी के दौरान मौत पर 30 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा।कांग्रेस ने हर जिले में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, सरकारी नर्सिंग कॉलेज, पैरा मेडिकल, मेडिकल तकनीशियन संस्थान खोलने की बात कही है।राजस्थान की तरह चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रुपये तक निशुल्क इलाज के लिए बीमा योजना लागू होगी।पार्टी ने मेडिकल शिक्षा फीस घटाने और बॉन्ड पॉलिसी पर पुनर्विचार के लिए समिति गठित करने की बात कही है।45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का हर साल मुफ्त चेकअप होगा।हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीटों पर 5 अक्टूबर को मतदान और 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।पहले यहां 1 अक्टूबर को मतदान और 4 अक्टूबर को मतगणना होनी थी, लेकिन लंबी छुट्टियों का हवाला देकर तारीख आगे बढ़ाई गई है।

## जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस,एनसी और पीडीपी के तीन खानदानों से त्रस्त हैं: पीएम मोदी



**नई दिल्ली,28 सितम्बर 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। नेता वोटरों को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्य में तीसरे चरण के चुनाव के प्रचार के लिए जम्मू पहुंचे। यहां पर उन्होंने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर कटाक्ष किया है।पीएम मोदी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य चुनने के लिए है। आज शहीद वीर सरदार भगत सिंह की जन्म जयंती भी है। देश के करोड़ों युवाओं की प्रेरणा, भगत सिंह जी को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू की ये सभा इस विधानसभा चुनाव की मेरी आखिरी सभा है। मुझे बीते हफ्तों में जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में जाने का अवसर मिला है। मैं जहां भी गया, वहां भाजपा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह दिख रहा है।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश



**बेंगलुरु,28 सितम्बर 2024 (ए)।** बेंगलुरु की एक अदालत ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ जबरन वसूली के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने इस एफआईआर को दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के आरोपों के संबंध में आया है। जनाधिकार संघर्ष संगठन के आदर्श अय्यर ने निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ एक निजी शिकायत (पीसीआर) दर्ज कराई थी। पीसीआर में आरोप लगाया गया था कि चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली की गई थी। इसके बाद बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया।

## कोविड-19 में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को 1-1 करोड़ रुपये की सहायता

**नईदिल्ली,28 सितम्बर 2024 (ए)।** दिल्ली सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले पांच लोगों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा कि इससे पहले दिल्ली सरकार 92 परिवारों को इसी तरह की सम्मान राशि दे चुकी है।



सीएम आतिशी ने कहा, दिल्ली के लोगों ने इस महामारी के दौरान मानवता और समाज की रक्षा करते हुए अपनी जान की परवाह नहीं की और अपने जीवन का बलिदान दिया। दिल्ली सरकार इनकी साहसिकता को सलाम करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह राशि दिवंगत लोगों के परिवारों के नुकसान की पूर्ति नहीं कर सकती, लेकिन यह उन्हें एक सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करेगी।
इनके परिजनों को मिलेगी सहायता राशि :-संजय मनचंदा (फार्मासिस्ट, एसडीएमसी) उन्होंने कोरोना के दौरान पेशेंट केयर फैसिलिटी में काम करते हुए संक्रमित होकर अपनी जान गंवाई।
रवि कुमार सिंह (जूनियर असिस्टेंट, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज) उन्होंने ड्यूटी के दौरान कोरोना संक्रमित होकर दम तोड़ दिया।
वीरेंद्र कुमार (सफाई कर्मी) उन्होंने एक हंगर रिलीफ सेंटर में साफ़-सफ़ाई का कार्य करते हुए कोरोना संक्रमण के चलते अपनी जान गंवाई। भवानी चंद्र (एएसआई, दिल्ली पुलिस) लोकनायक अस्पताल में ड्यूटी पर रहते हुए वो भी कोरोना संक्रमित हुए और उनकी मृत्यु हो गई। मो. यासीन (प्राइमरी टीचर, एमसीडी) राशन वितरण की ड्यूटी के दौरान संक्रमित होकर उन्होंने अपनी जान खो दी।

### दिल्ली में चार विकलांग बेटियों के साथ पिता ने की खुदकुशी

**नईदिल्ली,28 सितम्बर 2024 (ए)।** दिल्ली में एक दर्दनाक घटना सामने आई है. वसंत कुंज साउथ के रंगपुरी गांव में शुक्रवार को एक शख्स ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी चार दिव्यांग बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली.




पड़ोसियों से जब पुलिस को जब इस बात की सूचना मिली तो फ्लैट का ताला तोड़कर शवों को बाहर निकाला. चारों बेटियां दिव्यांग थीं. वे चलने फिरने में असमर्थ थीं. इस घटना के बाद क्षेत्र में सन्नाटा छाया हुआ है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है.
दिल्ली के रंगपुरी गांव में एक किराए के मकान में रहने वाले 50 वर्षीय शख्स हीरालाल की संदिग्ध हालात में मौत हो गई. हीरालाल के घर से बदबू आने के बाद से पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी. वह मूल रूप से बिहार के छपरा के निवासी हैं. वे अपनी चार बेटियों के साथ रहा करते थे. पत्नी का निधन पहले ही हो चुका था.

## कार शोरूम में ताबड़तोड़ फायरिंग का वीडियो

### मांगी गई रंगदारी, इलाके में हकंप

**नईदिल्ली,28 सितम्बर 2024 (ए)।** पश्चिम दिल्ली के नारायणा इलाके में एक कार शोरूम में ताबड़तोड़ फायरिंग की गई. इस घटना का सीसीटीव्ही फुटेज सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि शूटर शोरूम में घुसकर फायरिंग कर रहे हैं। यह घटना धमकाने और डराने के इरादे से की गई थी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई. गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी. कार शोरूम में हुई इस फायरिंग की घटना के पीछे मोस्ट वांटेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का नाम सामने आया है. हिमांशु भाऊ वर्तमान में पुर्तगाल में रह रहा है और उस पर दिल्ली पुलिस, हरियाणा पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी में कई गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं. इंटरपोल ने भी हिमांशु भाऊ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया हुआ है।
दिल्ली पुलिस ने इस मामले में शामिल तीन शूटरों की पहचान कर ली है. पुलिस के अनुसार,ये शूटर हरियाणा के रहने वाले हैं और हिमांशु भाऊ के गैंग से जुड़े हुए हैं. पुलिस सूत्रों का कहना है कि 6 मई 2024 को जब तिलक नगर के फ्यूजन कार शोरूम में फायरिंग की घटना हुई थी, तब नारायणा के कार शोरूम के मालिक को भी हिमांशु भाऊ की ओर से धमकी दी गई थी। इस दौरान धमकी में 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। नारायणा के शोरूम मालिक ने जब मामले की शिकायत पुलिस से की, तब दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से शूटरों की पहचान की और उनकी गिरफ्तारी के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है.



पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि गैंगस्टर हिमांशु भाऊ किस प्रकार से इस पूरी घटना को संचालित कर रहा है और उसके अन्य साथियों की पहचान भी की जा रही है।

# संपादकीय

## फैक्ट चेक यूनिट मौलिक अधिकारों का हनन

आज के दौर में न्यायपालिका की ओर से ऐसा दो टूक और साहसी हस्तक्षेप कभी-कभार ही होता है। इसके बीच फैक्ट चेक यूनिट खारिज करने के बॉम्बे हाई कोर्ट के ताजा फैसले को एक चमकती हुई मिसाल के रूप में देखा जाएगा।सरकार की एजेंसी खबरों के फैक्ट चेक करे, यह सोच ही अतार्किक है। स्वाभाविक है कि ऐसी एजेंसी बनाने की सरकार की पहल को लेकर समाज में आरंभ से ही व्यग्रता देखी गई। यह आम समझ थी कि इस पहल के पीछे मंशा ऐसे तथ्यों को मीडिया से बाहर करना है, जो सरकार को असहज करने वाले हो सकते हैं। वर्तमान सरकार के दौर में फेक न्यूज और फैक्ट चेक विवादास्पद मुद्दे रहे हैं। ऐसे विवादों के क्रम में सरकार के अपने नजरिए को अक्सर एकतरफा माना गया है। इसीलिए फैक्ट चेकर यूनिट बनाने की उसकी पहल को दुर्भावनापूर्ण भी समझा गया था। अब इन सभी आशंकाओं की बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुष्टि कर दी है। उसने नए सूचना तकनीक कानून में संबंधित संशोधन को खारिज कर दिया है। सरकार के खिलाफ कथित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को रोकने के लिए बनाई गई तथ्य-जांच इकाइयों को अदालत ने असंवैधानिक घोषित कर दिया है। अदालत ने यह उचित टिप्पणी की कि फैक्ट चेक यूनिट नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है।आज के दौर में न्यायपालिका की ओर से ऐसा दो टूक और साहसी हस्तक्षेप कभी-कभार ही होता है। इसके बीच बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को एक चमकती हुई मिसाल के रूप में देखा जाएगा। फैक्ट चेक यूनिट बनाने की पहल को कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट और डिजिटल एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स ने कोर्ट में चुनौती दी थी। पहले हाई कोर्ट की दो जजों वाली बेंच में जस्टिस गौतम पटेल और जस्टिस नीला के. गोखले ने अलग-अलग फैसला सुनाया। इसके बाद इस मामले को तीसरे यानी टाई ब्रेकर जज के पास भेजा गया था। तीसरे जज जस्टिस अतुल एस. चंदूरकर ने अपने निर्णय में सरकारी संशोधन को असंवैधानिक करार दिया। कहा कि यह संशोधन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19 का उल्लंघन है। इस निर्णय से मीडियाकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी बड़ी राहत मिली है। फैक्ट चेक यूनिट सक्रिय हो जातीं, तो आशंका थी कि हर वैसी खबर कार्रवाई के दायरे में आ जाएगी, जिसमें सरकारी नैरेटिव हट कर अलग कहानी बताई गई हो।

# श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव कहीं भारत के लिए खतरे की घंटी तो नहीं

» चीन के लिए, जे.वी.पी. के नेतृत्व वाला श्रीलंका उसके 'मोतियों की माला' में एक और रत्न होगा,जो क्षेत्र पर उसकी पकड़ को मजबूत करेगा...

» श्रीलंका दे सकता है टेंशन,भारत करे तो क्या?

» चीन की ओर झुकाव से श्रीलंका कर्ज के जाल में फंस गया,नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया...

» अब सवाल और भी गंभीर हो गया है, ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी-समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है...

» ऐसे में भारत को अपने एक्शन के बारे में आशंकित होने का हर कारण है...





घटती-घटना
प्रियंका सौरभ
हिसार (हरियाणा)

श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूँकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी-समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को अपने एक्शन के बारे में आशंकित होने का हर कारण है। भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए, साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जे.वी.पी. श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा।

नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफ के चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज, दिसानायके के नेतृत्व में जे.वी.पी. का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं है; यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जे.वी.पी. के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक सांझेदारियों की एक श्रृंखला, जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। कोलंबो बंदरगाह परियोजना एवं अडानी सौर ऊर्जा पहल जैसी परियोजनाओं के रद्द होने का खतरा है, जिसका सीधा असर भारतीय आर्थिक हितों पर पड़ रहा है। श्रीलंका के राजनीतिक रुख में बदलाव से चीन इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ा सकता है, जिससे भारत के रणनीतिक हितों को खतरा उत्पन्न हो सकता है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है, तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है, जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। दिसानायके की नीतियां श्रीलंकाई तमिल समुदाय एवं उनके अधिकारों की वकालत करने में भारत की भूमिका को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे तनाव में फिर से वृद्धि हो सकती है। तमिल अधिकारों पर कोई भी वापसी और जातीय कट्टरता की वापसी भारतीय नीति निर्माताओं को अच्छी नहीं लगेगी। ऐसा परिदृश्य भारत और श्रीलंका के बीच, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में तनाव को बढ़ा सकता है और इस क्षेत्र को और अस्थिर कर सकता है। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण इस क्षेत्र में भारत की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। हिंद महासागर में चीनी शक्ति का प्रतिकार करने के भारत के प्रयासों में श्रीलंका एक महत्वपूर्ण चौकी रहा है। जे.वी.पी. की जीत और चीन की ओर उसका संभावित झुकाव इन प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर कर देगा, जिससे भूटान दक्षिण एशिया के उन कुछ बचे हुए देशों में से एक रह जाएगा जहां भारत अभी भी चीन पर रणनीतिक बढ़त रखता है।

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। भारत को श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि बुनियादी ढाँचे के विकास जैसी परियोजनाओं से दोनों देशों को लाभ होगा एवं क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत सौर ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर अपना सहयोग बढ़ा सकता है। बाहरी खतरों से हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए श्रीलंका के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना आवश्यक है। संयुक्त नौसैनिक अभ्यास एवं समुद्री खुफिया जानकारी साझा करने से हिंद महासागर में बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा। भारत को श्रीलंका को किसी भी एकल संरेखण से बचते हुए, भारत एवं चीन के बीच संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। राजनयिक संवाद जो भारत के निवेश के लाभों को उजागर करते हैं, चीन की ओर पूर्ण बदलाव को रोक सकते हैं।सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आदान-प्रदान को मजबूत करने से दोनों देशों के बीच सद्भावना को बढ़ावा मिलेगा तथा सार्वजनिक कूटनीति में वृद्धि होगी।

भारत श्रीलंकाई युवाओं के लिए छात्र छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बन सकते हैं। भारत को श्रीलंका में चीनी निवेशों पर बारीकी से नज़र रखनी चाहिए एवं उन्हें रणनीतिक भारतीय निवेशों के साथ संतुलित करना चाहिए। बंदरगाहों एवं हवाई अड्डों जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे में भारतीय निवेश बढ़ाने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपना प्रभाव बनाए रखेगा। क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, भारत को एक बहुआयामी राजनयिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जो आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दे। इन पहलुओं पर सक्रिय रूप से ध्यान देकर, भारत बढ़ते बाह्य दबावों के समक्ष अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए श्रीलंका में अपना प्रभाव मजबूत कर सकता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# बाल कहानी

## कुणाल के चूजे





टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

जैसे भी करके नन्हा कुणाल टेबल को सरकाते हुए दीवार तक ले गया। टेबल पर चढ़ा। गौरैये के घोंसले तक उसका हाथ भी चला गया। पता चला कि घोंसले में चार अण्डे हैं। बहुत खुशी हुई उसे। अंडों को पकड़-पकड़ कर देखा। फिर रख भी दिया। चूँकि घोंसला बैठक की दीवार पर दादाजी की तस्वीर के पीछे था। इसलिए उसे डर भी लगने लगा कि तस्वीर गिर न जाय। अपनी मम्मी को आवाज लगाई- मम्मी...! इस घोंसले में चार अण्डे हैं। आओ.. देखो न...। सफेद-मटमैले हैं। इन पर काले-भूरे रंग के छोटे-छोटे धब्बे बने हुए हैं। सच, बहुत सुंदर हैं मम्मी।÷

रहने दे बेटा... रहने दे...। कुछ मत करना। प्रिया कमरे में झट से आई- देख, वे दोनों चिड़िया बैठे हैं। देख रहे हैं बेचारे। ये उनके ही अण्डे हैं। प्रिया ने दरवाजे पर बैठे दो गौरैये की ओर इशारा किया।

टेबल से उतरते हुए कुणाल बोला- चिड़िये के बच्चे अण्डे से बाहर आएँगे, तो फिर हम लोग इन्हें पालेंगे न मम्मी ?

हाँ, ठीक है बेटा। पर रोज-रोज टेबल पर चढ़ कर मत देखना अण्डों को। टेबल को खिसकाते हुए प्रिया ने कहा- इन चिड़ियों को अच्छा नहीं लगेगा। इन्हें अण्डे असुरक्षित लगेंगे।

हाँ, मम्मी। मैं अब कुछ नहीं करूँगा अण्डों को,और इन चिड़ियों को भी। कहते हुए कुणाल बैठक से बाहर निकला।

एक हफ्ते बाद अण्डों से चूजे निकले। सबसे पहले प्रिया ने चूजों की चींची-चींची सुनी। उसके बुलाने पर कुणाल दौड़ कर आया। फिर कुणाल का मन चूजों को देखने को हुआ। प्रिया ने कुणाल को अपने दोनों हाथों से पकड़ कर ऊपर उठाया। बोली- उन्हें दूर से देखो। छूना मत। प्रिया के मना करने पर कुणाल को दूर से ही देख कर ही संतुष्ट होना पड़ा।

अब तो रोज कुणाल घोंसले पर नजर रखने लगा था। नन्हे चूजों की आवाज सुन कर उसे बहुत अच्छा लगता था। साथ ही, यह भी देखता कि चूजों के मम्मी-पापा अपनी चोंच में दबाकर उनके खाने के लिए कुछ न कुछ लाते थे।

फिर अपनी मम्मी से पूछ कर कुणाल घोंसले के नीचे एक कटोरी में पानी रखने लगा था। चूँकि खेतों में धान की फसल थी उस समय, सो उसने धान की कुछ पकी बालियाँ रस्सी से बाँधकर घोंसले के पास टाँग देता था। दोनों गौरैये बालियों में झूल-झूल कर पके दानों का खूब मजा उड़ाते थे। देखते ही देखते पंद्रह दिन बीत गये। चूजे बड़े हो गये। अब उड़ने की उनकी इच्छा होती थी। घोंसले से वे झाँक-झाँक कर देखते थे। अपने मम्मी-पापा के अलावा कुणाल को भी पहचानने लगे थे। अब तो ऐसा भी होता था कि जैसे ही कुणाल कमरे में आता, या फिर बाहर से ही उसकी आवाज सुनाई देती, इनकी चींची-चींची शुरू हो जाती। कुणाल को भी इन नन्हे चूजों से बड़ा लगाव हो गया था; तभी तो वह घोंसले में कभी चने के दाल, कभी पॉपकॉर्न के दाने, तो कभी बिस्किट के कुछ टुकड़े डाल देता था। कुणाल को बड़ा आनंद आता था। बड़ा सुकून मिलता था। कभी-कभी चूजों की चींची-चींची सुन कर प्रिया कहा करती थी- अरे..चुप रहो न रे... कुणाल के चूजे ! हद हो गयी तुम लोगों की चींचीं... चींचीं..।

मम्मी...! आप भी न...! मेरा मजाक उड़ा रही हो। मुस्कुराते हुए कुणाल प्रिया से लिपट जाता था।

# विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भोपाल जिले के पर्यटन स्थलों पर एक नजर

भोपाल जिसे झीलों का शहर भी कहा जाता है, मध्यप्रदेश की राजधानी है और अपने प्राकृतिक सौंदर्य,ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर, आइए भोपाल जिले एवं इसके आस-पास के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों पर एक नजर डालें, जो न केवल स्थानीय, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को भी आकर्षित करते हैं।बड़ा तालाब (ऊपरी झील)भोपाल का बड़ा तालाब देश के सबसे पुराने मानव निर्मित झीलों में से एक है, जिसे राजा भोज के द्वारा निर्मित कराया गया था। यह शहर का प्रमुख आकर्षण है और यहाँ पर्यटक बोटिंग, वाटर स्पोर्ट्स का आनंद ले सकते हैं। झील के किनारे स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भी देखने लायक है। यह झील शाम के समय सूर्यास्त के अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करती है, जिससे यह जगह और भी मनमोहक लगती है। भीमबेटका शैलाश्रय भोपाल के पास स्थित भीमबेटका शैलाश्रय एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है, जो प्राचीन मानव सभ्यता के इतिहास को दर्शाता है। यहाँ की शैलचित्र विश्व की सबसे प्राचीन चित्रकला में गिने जाते हैं और यह पर्यटकों के लिए एक अद्भुत स्थल है,जो उन्हें पाषाण युग में ले जाता है। ये गुफाएँ मानव सभ्यता के प्रारंभिक दौर की कहानी कहती हैं और इसमें मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं का चित्रण है।सांची का स्तूपहालांकि सांची भोपाल से थोड़ी दूरी पर स्थित है, लेकिन इसे भोपाल पर्यटन के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण स्थल माना जाता है। सांची के स्तूप बौद्ध स्थापत्य कला का बेहतरीन उदाहरण हैं और यह गौतम बुद्ध के जीवन से संबंधित प्रमुख घटनाओं को चित्रित करता है। यहाँ पर स्थित स्तूप और अन्य संरचनाएँ बौद्ध धर्म के अनुयायियों और इतिहास प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।भारत भवनभोपाल के सांस्कृतिक और कला प्रेमियों के लिए भारत भवन एक प्रमुख स्थल है। यहाँ पर विभिन्न कला प्रदर्शनियाँ,



थिएटर,संगीत कार्यक्रम और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। यह स्थान विशेष रूप से कलाकारों और कला प्रेमियों के लिए एक आदर्श स्थल है, जहाँ भारतीय कला और संस्कृति के विविध रंग देखने को मिलते हैं। भोजपुर भोजपुर भोपाल से 28 किमी दूर बेतवा नदी पर स्थित है। भोजपुर अधूरे भोजेश्वर मंदिर के लिए प्रसिद्ध है जो भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर भारत के सबसे बड़े लिंगा में से एक है।शौर्य स्मारकशौर्य स्मारक जो भोपाल शहर के केंद्र में अरेरा पहाड़ी पर स्थित है, भारत के अमर शहीदों की युद्ध तथा शौर्य गाथाओं की आम जनता को अनुभूति कराने हेतु भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 14 अक्टूबर 2016 को देश को समर्पित किया गया। पर्यटन की दृष्टि से अब यह भोपाल का ही नहीं बल्कि भारत का एक महत्वपूर्ण स्थल बन गया है।भोपाल स्थित शौर्य स्मारक के सौन्दर्य, स्वच्छता तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छोटे से प्रवेश शुल्क का प्रावधान किया गया है जो मिलने वाले आनंद की तुलना में कुछ भी नहीं है। हालांकि सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिवार वालों सम्मान देते हुए यहाँ निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है। शौर्य स्मारक का रख-रखाव भोपाल स्थित भारतीय सेना व मध्य प्रदेश प्रशासन द्वारा किया जाता है ।ताज-उल-मस्जिदभोपाल की इस भव्य मस्जिद का निर्माण 19वीं शताब्दी में हुआ था और यह भारत की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक है। ताज-उल-मस्जिद अपनी भव्यता, सुंदर वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। इस मस्जिद के गुंबद और मीनारें दर्शनीय हैं और यह पर्यटकों के बीच लोकप्रिय धार्मिक स्थल भी है। बिरला मंदिर-बिड़ला मंदिर भोपाल के उच्चतम बिंदु पर स्थित है, जो एक शीर्ष क्षेत्र है जो देवी लक्ष्मी को समर्पित है।वन विहार राष्ट्रीय उद्यानवन विहार राष्ट्रीय उद्यान एक अर्ध-खुला जंगल है, जो भोपाल के बड़ा तालाब के किनारे स्थित है। यहाँ पर्यटक बाघ, तेंदुए, भालू और विभिन्न प्रकार के पक्षियों का अवलोकन कर सकते हैं। इस पार्क का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण है, और यहाँ की सैर पर्यटकों को प्रकृति के करीब लाती है। यह उद्यान प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव फोटोग्राफरों के लिए आदर्श स्थल है।शौकत महल और सदर मंजिलभोपाल के शाही इतिहास का गवाह, शौकत महल यूरोपीय और मुग़ल स्थापत्य शैली का अनूठा मेल है। इसके पास स्थित सदर मंजिल भी एक प्रभावशाली संरचना है,जो भोपाल की रियासत के शाही गौरव को दर्शाती है। इन ऐतिहासिक इमारतों की खूबसूरती और वास्तुकला पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। गौहर महलगौहर महल भोपाल की पहली महिला शासक, कुदसिया बेगम द्वारा बनवाया गया था। यह महल अपने मुगल और हिन्दू स्थापत्य शैली के मिश्रण के लिए प्रसिद्ध है। महल के चारों ओर लगे छोटे-छोटे बाजार इसे और भी खास बनाते हैं, जहाँ से पर्यटक स्थानीय हस्तकला और अन्य वस्त्र खरीद सकते हैं।इस्लामनगरभोपाल-बेरसिया रोड पर 11 किमी दूर अफगान शासक दोस्त मोहम्मद खान द्वारा विकसित हिंदू और इस्लामी सजावटी कला का संश्लेषण है।समसगढ़यह भोपाल से 22 किलोमीटर दूर स्थित है। इस जगह की खोज 70 साल पहले एक जैन मुनि ने की थी। भोपाल जिले में पर्यटन स्थलों की भरमार है, जो इतिहास, संस्कृति और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। चाहे आप इतिहास के दीवाने हों, या फिर प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शांति तलाश रहे हों, भोपाल का हर कोना आपको अपने आप में बांध लेगा। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर, इन अद्वितीय स्थलों की यात्रा आपके मन को प्रसन्नता और संतोष प्रदान करेगी।

-अरूण शर्मा-

# तुमने जो उपहार लौटाया

डिकेश दिवाकर
जांजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

बड़े प्रेम से बड़े जतन में
अश्रु लिए तुम नैनन में
मन का अपना भार मिटाया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
मुख न भले कुछ हो बोला
किन्तु भेद आँखों ने खोला
कितनी पीड़ा हृदय छुपाया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
हाथ तुम्हारे काँप रहे थे
तीव्रवेग चल साँस रहे थे
कहते कहते कंठ भर आया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
रही होगी कोई मजबूरी
प्रत्यागत जो हुआ जरूरी
तुमने संदेह मेघ हटाया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
शायद निरर्थक बातें होतीं
आहत वो जज्बातें होतीं
इसीलिए मन को समझाया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
सभी सवालों से घेरे होते
आँखों के आगे अंधेरे होते
आशाओं का दीप जलाया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
जिन रिश्तों को बाँध रखा है
तुम भूली हो एक सखा है
जिसको तुमने आज रुलाया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
नहीं प्रेम में सब कुछ पाना
त्याग समर्पण तप को जाना
ढाई आखर पाठ पढ़ाया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
कही अनकही बातें सारी
कर करके मैं याद तुम्हारी
बार बार आँखें भर आया
तुमने जो उपहार लौटाया ।
होना ना यूँ मायूस सुनो
जो हृदय कहे तुम वही चुनो
क्षमा चाहूँ जो तुम्हें सताया
तुमने जो उपहार लौटाया ।

# दिल्ली की सत्ता में लौटने की जुगत

तकरीबन ढाई दशक बाद दिल्ली की सत्ता में वापिसी के लिए भाजपा फिर एक प्रयोग करने की तैयारी में हैं। और यह प्रयोग होगा पढ़ी लिखी महिलाओं को राजनीति में बढ़ाने का। 26 साल पहले भी भाजपा ने विधानसभा चुनावों से दो महीने पहले सुषमा स्वाराज को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया था पर भाजपा तब इस खेल में फेल हो गई थी। अब जब दिल्ली में आप पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफ़ा देने के बाद दिल्ली सरकार में ही मंत्री आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया है तो भाजपा को फिर सुध आई है। तभी 2025 में होने जा रहे दिल्ली विधानसभा के चुनावों में फ़तेह की उम्मीद और मुख्यमंत्री को लेकर भाजपा पढ़ी लिखी महिलाओं का जो नरेटिव आप पार्टी ने आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर बनाया है उसी को भाजपा अपनाने की तैयारी में बताई जा रही है। हाँ यह अलग बात है कि भाजपा बांसुरी के साथ-साथ लोकसभा हारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहीं स्मृति ईरानी को भी सीएम पद के लिए आगे बढ़ाने की कोशिश में बताई जा रही। भाजपा को लगता है कि चुनाव में ग्लैमर का तड़का भी कहीं



न कहीं उसे फ़ायदा पहुँचा सकता है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली में पूसा रोड स्थित स्प्रिंगडेल्स स्कूल से स्कूली शिक्षा लेने के बाद स्टीफ़न्स कालेज में पढीं और फिर आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा लेने के बाद राजनीति में आई।कुछ इसी तरह भाजपा की टिकट पर इस बार नई दिल्ली से सांसद बनी बांसुरी स्वराज भी रहीं हैं। बांसुरी स्वराज ने भी आक्सफोर्ड से कानून की पढ़ाई कर हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में वकालत की और फिर राजनीति में आई है। और पहली बार में नई दिल्ली से लोकसभा जीत सांसद बनी है। अब भला कोई यह कहे कि युवा और विदेश से पढ़ाई के बाद महिला मुख्यमंत्री का आप का नरेटिव समझने के बाद भाजपा भी यह करती दिख रही है तो आश्चर्य भी कैसा ? या यूँ कहिए कि दोनों महिलाएँ,युवा ,विदेश में पढ़ी, उम्र भी क़रीब एक समान ही है और राजनीति में हाथ अजमा रही हैं। हाँ यह अलग बात है कि आतिशी का मक़सद आगे अरविंद केजरीवाल को फिर मुख्यमंत्री बनाने में माहौल तैयार करने की भी ज़िम्मेवारी बताई जा रही है। पर बांसुरी के साथ शायद ऐसा नहीं ।उनकी पार्टी भाजपा तो केवल इस नरेटिव को अजमाकर दिल्ली की सत्ता में लौटने की जुगत में है।और साथ ही वे पार्टी के लिए महिलाओं के बीच वोटों के लिए ज़मीन तैयार कर सकेंगी।पर सवाल तो यह भी है कि जिन तीन पूर्व सांसदों को पार्टी विधानसभा चुनावों में उतारने की तैयारी में और उनसे आसपास की विधानसभाओं में वोटों पर असर पडने् की उम्मीद है।

-अनिल चतुर्वेदी-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# दोनों विधायक व जिला प्रशासन की मौजूदगी में 22वें दिन संदीप के शव का हुआ अंतिम संस्कार

– संवाददाता –
अंबिकापुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा के बहुचर्चित संदीप लकड़ा हत्याकांड का मामला पिछले 22 दिनों से सुर्खियों में बना रहा। संदीप के परिजनों द्वारा मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी तक शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया गया था। वहीं सर्व आदिवासी समाज द्वारा 12 सितंबर से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी बीच प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपए मुआवजा, पत्नी को कलेक्टर दर पर नौकरी, दोनों बच्चों को हायर सेकेंडरी तक मुफ्त शिक्षा व अन्य मांगें माने जाने का प्रस्ताव दिए जाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए थे। ऐसे में शव मिलने के 22वें दिन संदीप के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

सीतापुर के ग्राम बेलजोरा निवासी राजमिस्त्री संदीप लकड़ा की हत्या कर शव को पानी टंकी के फाउंडेशन में दफन कर दिया गया था। हत्या के 3 महीने बाद 6 सितंबर को पुलिस ने पानी टंकी को ढहाकर शव को बरामद किया था। इसके बाद से परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया था। शासन स्तर से परिजनों व सर्व आदिवासी समाज द्वारा की जा रही मांगों पर समझौता होने के बाद संदीप के शव का अंतिम संस्कार किया गया। शनिवार की सुबह पुलिस वाहन से संदीप का शव उसके गृहग्राम बेलजोरा पहुंचा। यहां सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो,लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, नायब तहसीलदार आरएस पैंकरा, सीतापुर थाना





प्रभारी मोरध्वज देशमुख, बतौली थाना प्रभारी जेसी तिवारी, लुंड्रा थाना प्रभारी शिशिरकांत सिंह, सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी, मृतक के परिजनों व ग्रामीणों की उपस्थिति में शव का अंतिम संस्कार किया गया। संदीप के शव का 22 वें दिन गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान काफी संख्या में समाज के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं किसी भी विवाद की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल की भारी मौजूदगी रही। हालांकि बिना विवाद के ही अंतिम संस्कार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इससे पूर्व विधायक द्वय, सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी व ग्रामीणों ने मृतक को श्रद्धांजलि दी। इधर सीतापुर विधायक ने मुख्य आरोपी ठेकेदार अभिषेक पांडेय की गिरफ्तार नहीं होने तक पीड़ित परिवार को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई है। गौरतलब है कि संदीप हत्याकांड के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी हुई है।

### इन मांगों पर अंतिम संस्कार को हुए थे राजी

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी, संदीप के परिजन को 2 करोड़ का मुआवजा व मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी सहित अन्य मांगों को लेकर संदीप का अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़े थे। ऐसे में 27 सितंबर को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,अंबिकापुर,लुंड्रा, सीतापुर व प्रेमनगर विधायकों के साथ सर्व आदिवासी समाज के धरना स्थल पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मृतक के परिजन को 25 लाख मुआवजा, पत्नी सलीमा लकड़ा को कलेक्टर दर पर नौकरी, दोनों बच्चों को हायर सेकेंडरी तक मुफ्त शिक्षा, शासन की अन्य योजनाओं का लाभ तथा मामले के दोषियों पर कार्रवाई का प्रस्ताव दिया। दो बार हुई चर्चा के बाद प्रस्ताव पर समझौता हुआ और वे संदीप के शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हो गए थे।

### यह था मामला

राजमिस्त्री संदीप लकड़ा का 07 जून को अपहरण कर लिया गया था। उसी रात हत्या कर मैनपाट के लुरैना में शव को दफना उसके ऊपर पानी टँकी बना दिया गया था। तीन माह बाद 06 सितंबर को उसका शव पानी टँकी को जमींदोज कर बरामद किया गया था। आरोपितों ने योजनाबद्ध तरीके से घटना की थी। स्वजन द्वारा अंतिम संस्कार नहीं करने पर शव को 06 सितंबर से ही मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर के मोर्चरी में रखा गया है। संदीप लकड़ा हत्याकांड मामले में पुलिस ने टीआई, एएसआई और एक आरक्षक को निलंबित किया था। मामले में पुलिस 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय घटना के बाद से अब तक फरार है। जिसपर पुलिस सहित सर्व आदिवासी समाज ने इनाम की घोषणा भी की है।

# महिला ने बालिका को बेरहमी से पीटा, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

– संवाददाता –
अंबिकापुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

मणिपुर थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा एक बच्ची की बेरहमी से पिटाई करने का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महिला बच्ची को पाइप से बेरहमी से पिटाई कर रही है। पिता अपनी बेटी को छोड़ देने की गुहार लगा रहा है, लेकिन वो मारपीट करती दिख रही। घटना मणिपुर थाना क्षेत्र के मठपारा बस्ती की है। मामले में एएसपी के निर्देश पर मणिपुर थाना प्रभारी ने महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

वीडियो में मारपीट करने वाली महिला की पहचान प्रीति सिंह उर्फ जरही के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि महिला कई बच्चों को अपने पास बंधक बनाकर उनसे गांजा बेचवाती है। वायरल वीडियो में महिला कह रही है कि,वो पूरे मोहल्ले को गांजा पिलाती है। आरोप है कि वह ग्रामीण इलाके के नाबालिग बच्चों को अपने पास रखती है। उनसे गांजा बिकवाती है। कई बार वो बच्चों को बेरहमी से पीटती है। कुछ बच्चियां वहां से भाग गई थी। इसलिए उन्हें घर बुलाया और पिटाई की।



### महिला के खिलाफ अपराध दर्ज

मामले में मणिपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश्वरी चौबे ने कहा कि एएसपी के निर्देश पर महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश जारी है। महिला गांजा बेचवाती है या नहीं इसकी जांच की जा रही है। वीडिया के आधार पर महिला बच्ची के साथ मारपीट कर रही है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# किराना दुकान में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

– संवाददाता –
अंबिकापुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

किराना दुकान में चोरी के मामले में सीतापुर पुलिस ने चोर व खरीदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सुहैल खान सीतापुर थाना क्षेत्र के रायकेरा का रहने वाला है। प्रार्थी शाम कों अपना दुकान बंद कर अपने घर चला गया अगले दिन वापस दुकान आकर देखा तो दुकान के पीछे दीवाल मे सेंध लगा हुआ था .

प्रार्थी द्वारा दुकान का सामान मिलान किये जाने पर दुकान मे रखा सामान तेल, पान मसाला, बिस्किट एवं अन्य कॉस्मेटिक सामान सहित दुकान मे रखा हुआ 5000 रुपए नगद किन्ही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सीतापुर में धारा 331(4),305,317(2), 3(5) बीएनएस का अपराध



पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस ने संदेही जलिन्दर सिंह कों हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो आरोपी वह चोरी करने की बात स्वीकार की। और चोरी का सामान जोसफ के पास बेचने की बात स्वीकार की। मामले में पुलिस ने चोर जलिंदर सिंह व खरीदार जोसफ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# सेकेंड हैंड पिकअप वाहन चोरी के मामले में पूर्व वाहन मालिक व सहयोगी गिरफ्तार

– संवाददाता –
अंबिकापुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सेकेंड हैंड पिकअप वाहन चोरी के मामले में मणिपुर पुलिस ने पूर्व वाहन मालिक व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार संध्या व्यापारी शहर के भाथुपारा की रहने वाली है। वह पिछले वर्ष भटगांव निवासी राहुल सिंह से सेकेंड हैंड पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 1998 फाइनेंस के माध्यम से खरीदी थी। 14 सितंबर की रात को इसके घर के बाहर से अज्ञात चोर द्वारा पिकअप को चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट 14 सितंबर को मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनिकी जानकरी की मदद से संदेही शिवशंकर विश्वकर्मा (21) निवासी डुमरिया भटगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने साथी पूर्व वाहन मालिक राहुल सिंह के साथ मिलकर पिकअप चोरी करने व उसे बिहार के खगडिया में छुपाकर रखने की बात स्वीकार की। मामले में पुलिस ने आरोपी शिवशंकर व पूर्व वाहन मालिक राहुल सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके निशानदेही पर चोरी गई पिकअप खगडिया़ बिहार से बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणिपुर निरीक्षक दुर्गेश्वरी चौबे, सहायक उप निरीक्षक नवल दुबे, प्रधान आरक्षक पीताम्बर सिंह, आरक्षक उमाशंकर साहू, अतुल शर्मा, मुकेश चौधरी शामिल रहे।



### चोरी से पहले की थी रेकी

आरोपी पूर्व वाहन मालिक राहुल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके वाहन चालक शिवशंकर द्वारा पूर्व में पीकप वाहन का एक्सीडेंट कर दिए था। इसके ऐवज में उक्त बेचे गए पीकप वाहन के गाड़ी का चाभी देकर चोरी करने के लिए कहा था। दोनों आरोपी स्कॉर्पियो से अम्बिकापुर आकर घटनास्थल की रेकी कर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो भी जब्त किया है।

# अवैध लकड़ी परिवहन में शामिल 16 नग चिरान लोड 407 वाहन को वन विभाग ने किया जप्त



**» बिजली विभाग में चल रही है वाहन**

– संवाददाता –
उदयपुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शुक्रवार की रात को अवैध लकड़ी परिवहन में शामिल 16 नग चिरान लोड 407 वाहन वन विभाग ने बैगापारा उदयपुर से रामनगर जाने वाले मार्ग के तिराहा से जप्त किया ।

वन विभाग को शुक्रवार की रात को 8 बजे मुखबिर से सूचना मिली की सफेद रंग की 407 वाहन में अवैध रूप से लकड़ी परिवहन किया जा रहा है।

सूचना पर वन अमला ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चौक चौराहों पर गस्ती शुरू किया और रात 9 बजे लक्ष्मणगढ़ की ओर से आ रहे 407 वाहन को बैगापारा में रोककर जांच किया गया तो पाया कि उक्त वाहन में 16 नग चिरान लोड था। लकड़ी के संबंध में कागजात की मांग की गई किसी भी तरह के कागजात नहीं पेश करने पर वाहन चालक बिकेश यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लकड़ी और 407 वाहन क्रमांक सीजी 15 इबी 1503 को जप्त कर वन चौकी उदयपुर लाया गया। वन अधिनियम की धाराओं के तहत अग्रिम कार्यवाही वन अमला द्वारा की जा रही है।

अवैध रूप से लकड़ी परिवहन में सम्मिलित उक्त वाहन बिजली विभाग में चल रही थी।

उक्त कार्यवाही में वनपाल रामबिलास सिंह, वनरक्षक दिनेश तिवारी, धनेश्वर, राजेश राजवाड़े, ऋषि, आर्मो कुमार तथा बुधसाय शामिल रहे।

# बॉडी शॉप दुकान से चोरी के मामले मे 03 आरोपी किये गए गिरफ्तार

**» आरोपियों के कब्जे से दुकान से चोरी किया गया हेंड ग्रेंडर पोलिस मशीन,रिंच पाना, लोहे का छैनी,पाना 10 नग, ग्रेंडर कटर,रांदा,नोजल प्लास, पोलिश डिब्बा किया गया बरामद**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।



मामले के संबंध में बताया गया कि प्रार्थी सुनिल विश्वकर्मा साकिन खरसिया नाका अम्बिकापुर द्वारा दिनांक 26/09/24 कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी खरसिया नाका राजधानी पेट्रोल पम्प के पास माँ महामाया बॉडी शॉप दुकान का संचालन करता हैं, कि दिनांक 23/09/24 कों प्रार्थी शाम कों अपना दुकान बंद कर अपने घर चला गया अगले दिन वापस दुकान आकर देखा तो दुकान मे रखे 02 आलमारियों का ताला टुटा हुआ था जिसमे से दुकान का समन रिंच पाना, स्टार गोटी टूल्स, प्लास, इलेक्ट्रिक बोर्ड, पेंटिंग गन, पोलीस मशीन, पोलिस सेट सहित पेंट का डब्बा एवं ब्लूटूथ एयरबड कुल किमती लगभग 45000/- रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था, मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 654/24 धारा 331(4), 305 (ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पोलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना कारित करने वाले संदेहियो के सम्बन्ध मे मुखबीर तैनात किये गए थे, मुखबीर सूचना पर पोलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए राजेंद्र नागेसिया, प्रीतम सिन्हा उर्फ़ सुपाड़ी एवं शालू उर्फ़ शहीद अंसारी कों हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम (01) राजेंद्र नागेसिया उम्र 19 वर्ष साकिन गोधनपुर वाटर पार्क के पास अम्बिकापुर (02) प्रीतम सिन्हा उर्फ़ सुपाड़ी उम्र 26 वर्ष साकिन महादेव गली बौरीपारा अम्बिकापुर (03) शालू उर्फ़ शहीद अंसारी उम्र 20 वर्ष साकिन तकिया थाना अंबिकापुर का होना बताये, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर बॉडी शॉप दुकान से चोरी की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया,आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान हेंड ग्रेंडर पोलिस मशीन, रिंच पाना, लोहे का छैनी, पाना 10 नग, ग्रेंडर कटर, रांदा, नोजल प्लास, पोलिश डिब्बा बरामद किया गया हैं, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ़्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक अरुण दुबे, प्रधान आरक्षक अमित सिंह, आरक्षक दीपक दास, विवेक राय, रमन मण्डल, नितिन सिन्हा, दीनदयाल सिंह, चंचलेश सोनवानी शामिल रहे।





आवश्यकता है
दैनिक अख़बार घटती घटना
में मशीन हेल्पर की आवश्यकता है
योग्यता 10वीं पास
वेतन 7 से 10 हजार
कार्य समय: शाम 7 बजे से देर रात तक
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क-संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,नमनाकला
अंबिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़, मो. 9826532611

# इस्राइली बमबारी में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के जनरल की मौत,हमले के दौरान मौजूद था अब्बास



**तेहरान,28 सितम्बर 2024।** इस्राइल की ओर से शुक्रवार को लेबनान की राजधानी बेरुत के दक्षिणी में हिस्से में हवाई हमला किया था। इस हमले में हिजबुल्ला का कमांडर नसरल्ला मारा गया था। नसरल्ला के अलावा इस हवाई हमले में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक जनरल की भी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि, हमले में ईरानी सेना का डिप्टी कमांडर अब्बास हमले के बाद उस जगह पर मौजूद था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेरूत में हुए हवाई हमले में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के डिप्टी कमांडर अब्बास निलफोरुशान की मौत की खबर है। ईरान ने बदला लेने की धमकी दी है। ईरान की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, इंसाफ मिलना हमारा अधिकारी है। वहीं लेबनान में स्थिति के मद्देनजर ईरान ने अपनी सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि ईरान की न्यायपालिका के उप प्रमुख अहमद रजा खगान ने भी ब्रगेडियर जनरल अब्बास निलफोरुशान की मौत की पुष्टि की हैं। उन्होंने कमांडर को ÷लेबनान के लोगों का मेहमान÷ बताया। खगान ने कथित तौर पर यह भी कहा कि ईरान को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुर्द फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अब्बास निलफोरुशान लेबनान में आईआरजीसी के ऑपरेशन कमांड को संभाल रहे थे। अब्बास निलफोरुशान ईरान के भीतर विरोध प्रदर्शनों के दमन और विदेशों में सैन्य गतिविधियों, विशेष रूप से सीरिया में सैन्य अभियानों में सीधे तौर पर शामिल रहे थे। वॉशिंगटन पोस्ट की खबर के मुताबिक, निलफोरुशान सीरिया में राष्ट्रपति बशर असद के लिए भी काम कर चुके हैं। कमांडर ने 1980 के दशक के ईरान-इराक युद्ध में अपना सैन्य करियर शुरू किया था।

# जयशंकर ने सिंगापुर समेत कई देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात, संबंधों को और गहरा करने पर दिया जोर

**वॉशिंगटन,28 सितम्बर 2024 ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र से इतर संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, उज्बेकिस्तान और डेनमार्क के अपने समकक्षों से मुलाकात की। नेताओं के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत के इन देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने तथा मैत्रीपूर्ण संबंधों को विस्तार देने पर जोर दिया गया।

### सिंगापुर के विदेश मंत्री से की मुलाकात

जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे हुए हैं। शुक्रवार को उन्होंने सिंगापुर के अपने समकक्ष विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बालाकृष्णन से हुई बातचीत को शानदार बताया। कहा, %सिंगापुर की विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ लंबी



बातचीत अच्छी रही।

इन लोगों के साथ भी की बैठक

इसके अलावा, उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियार सैदोव से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर कहा, आज न्यूयॉर्क में उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्री सैदोव से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की सराहना करता हूं। क्षेत्र के बारे में उनकी समझ को महत्व देता हूं।'

उन्होंने यह भी बताया, 'तुर्कमेनिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रसित मेरेडोव के साथ गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई। तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दीं। हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ाने पर चर्चा हुई।'

### आपसी संबंधों पर हुई बातचीत

जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, अपने प्रिय मित्र- यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद बिन सुल्तान अल नाहयान से मिलकर हमेशा खुशी होती है। आपसी संबंधों और दुनिया के घटनाक्रम पर बातचीत हुई।

उन्होंने महासभा के इतर डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन से भी मुलाकात की और यूक्रेन संघर्ष पर अपने विचार साझा किए। कहा, आज संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर डेनमार्क के विदेश मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारे संबंधों के सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ने की सराहना की। यूक्रेन संघर्ष पर विचार साझा किए।

# सुरक्षित स्थान पर जाने के बाद इस्राइल पर बरसे ईरानी नेता खामनेई

### » कहा...सभी ताकतें हिजबुल्ला के साथ खड़ीं

**तेहरान,28 सितम्बर 2024।** इस्राइल लगातार लेबनान के शहरों पर मिसाइल हमले कर रही है। शुक्रवार को इस्राइली डिफेंस फोर्स ने दक्षिणी बेरूत के एक इलाके में जबरदस्त हवाई हमला किया। इस्राइल ने इस हमले में हिजबुल्ला चीफ नसरल्ला के मारे जाने का दावा किया है। इन हमलों का असर अब ईरान में भी देखने को मिल रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के साथ देश के अंदर एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को दक्षिणी बेरूत में हुए हवाई हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला मार जाने के बाद से ईरान आगे की रणनीति तय करने के लिए लेबनान के हिजबुल्ला और कई क्षेत्रीय गोरिल्ला समूहों के साथ लगातार संपर्क में था। यही नहीं इसके पहले शुक्रवार देर रात को खामनेई ने तेहरान में सुरक्षा परिषद के साथ बैठक भी की थी।

एक्स पर जारी किया संदेश

सुरक्षित स्थान पर जाने के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई के आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक के बाद एक कई ट्वीट किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि, लेबनान में निहत्थे नागरिकों की हत्या ने एक बार फिर जायोनीवादियों की बर्बर प्रकृति को सबके सामने उजागर कर दिया है। दूसरी ओर इन कार्रवाईयों ने यह भी साबित कर दिया है कि कब्जा करने वाली सरकार के नेताओं की नीतियां कितनी अदूरदर्शी और पागलपन भरी हैं।

खामनेई ने आगे लिखा कि, आतंकवादी गिरोह (इस्राइली सरकार) ने गाजा में अपने 1 साल के आपराधिक युद्ध से कुछ नहीं सीखा है। उसे यह समझ नहीं आया है कि, महिलाओं, बच्चों और नागरिकों का नरसंहार प्रतिरोध के



मजबूत ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचा सकता है या उसे घुटने टेकने पर मजबूर नहीं कर सकता है। अब वो लेबनान में भी उसी बेतुकी नीति का परीक्षण कर रहे हैं।

ईरानी नेता ने आगे लिखा कि, क्षेत्र में सभी प्रतिरोधी शक्तियां हिज्बुल्ला के साथ खड़ी हैं और उसका समर्थन करती हैं। इस क्षेत्र का भाग्य प्रतिरोध की शक्तियों द्वारा तय किया जाएगा। जिसमें गर्वित हिज्बुल्ला सबसे आगे होगा। लेबनान के लोग उन दिनों को नहीं भूले हैं जब सत्ता हथियाने वाली सेना बेरूत तक पहुंच गई थी। यह हिज्बुल्ला ही था। जिसने उनको आगे बढ़ने से रोक दिया था और लेबनान को सम्मान और गौरव वापस दिलाया था। आज, ईश्वर की शक्ति से लेबनान फिर से दुश्मन को उसके किए पर पछतावा करने के लिए मजबूर करेगा।

### हिज्बुल्ला प्रमुख नसरल्ला की मौत

इससे पहले शुक्रवार को इस्राइली सेना ने बेरूत में हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हमला किया था। हमले के बाद इस्राइली खेमे ने हिजबुल्ला के मुख्य कमांडर हसन नसरल्ला की मौत होने का दावा किया। यह हमला प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के कुछ ही समय बाद किया गया। इस हमले में हिजबुल्ला प्रमुख नसरल्ला के मारे जाने की खबर है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक हमले में छह लोगों की मौत हुई है। इस्राइली हमले में 91 लोग घायल भी हुए हैं।

### सेना ने स्थानीय निवासियों को सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा

इस्राइली सेना ने बेरूत क्षेत्र में हवाई हमले करने को लेकर कहा कि सेना स्थानीय निवासियों को वहां से हटने की चेतावनी दे चुकी है। सेना ने बेरूत की उन तीन इमारतों को खाली करने को कहा, जहां हिजबुल्ला अपने हथियार छिपाने का काम करता है। इस्राइली सेना का दावा है कि उसने हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हमला किया है।

# चीन के टॉप इकोनॉमिस्ट महीनों से गायब,शी चिनफिंग की आलोचना करने के बाद नहीं दिखे

**बीजिंग,28 सितम्बर 2024।** चीन में सरकारी थिंकटैंक के एक टॉप इकोनॉमिस्ट पिछले कई महीनों से गायब हैं। उन्होंने कथित तौर पर एक निजी ऑनलाइन चैट ग्रुप में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की आलोचना की थी।



चीन में एक सरकारी थिंकटैंक के एक टॉप इकोनॉमिस्ट पिछले कई महीनों से गायब हैं। उन्होंने कथित तौर पर एक निजी ऑनलाइन चैट ग्रुप में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की आलोचना की थी।

55 वर्षीय झू हेंगपेंग ने कथित तौर पर एक प्राइवेट वीचैट ग्रुप में चीन की इकोनॉमी और चीनी राष्ट्रपति के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अज्ञात स्रोतों के हवाले से बताया कि अप्रैल में उन्हें हिरासत में लिया गया और जांच के दायरे में रखा गया। झू ने प्राइवेट वीचैट ग्रुप में क्या लिखा, इसकी विस्तृत जानकारी नहीं है, हालांकि हांगकांग के सिंग ताओ डेली ने कहा है कि उन्होंने 'केंद्रीय नीतियों पर अनुचित तरीके से चर्चा की'। झू ने 20 से अधिक वर्षों तक चीनी एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज (कैस) में काम किया है। वह इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स के उप निदेशक और पब्लिक पॉलिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक के रूप में भी काम कर चुके हैं।

झू ने अप्रैल में चीनी मीडिया आउटलेट कैक्सिन के एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। इसके बाद से उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

सिंघुआ विश्वविद्यालय में उनके काम से संबंधित वेबसाइट भी कथित तौर पर ऑफलाइन कर दी गई।

# संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।** संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, सरगुजा डॉ अनिल कुमार शुक्ला के द्वारा शुक्रवार को सरगुजा जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज के समस्त विभागों में भ्रमण कर होने वाली चिकित्सकीय गतिविधियों की जानकारी ली तथा अधूरे भवन निर्माण के संबंध में





चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ रमनेष मूर्ति से जानकारी ली एवं शासन से इस संबंध में मार्गदर्शन लेने हेतु चर्चा की गई। डॉ शुक्ला के द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ रमनेष मूर्ती, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ आर.सी. आर्या, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ जे.के. रेलवानी, एवं जिला अस्पताल सलाहकार श्रीमती स्वास्ति शुक्ला उपस्थित रहे।

# भागवत कथा सुनने आईं 5 महिलाओं के गले से मंगलसूत्र व चेन की चोरी



- संवाददाता -

**अंबिकापुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।** लखनपुर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित स्वयं-भू शिव मंदिर के प्रांगण में 25 सितंबर से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्थानीय सहित दूर-दराज के महिला-पुरुष शामिल हो रहे हैं। यहां पंडित विवेक जी महाराज द्वारा हर दिन दोपहर 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक कथा वाचन किया जाता है। 27 सितंबर को भी काफी संख्या में महिला-पुरुष भागवत कथा में शामिल हुए थे। कथा खत्म होने के बाद अचानक महिलाओं के बीच हडक़ंप मच गया। कथा सुनने आईं 5 महिलाओं के गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र गायब थे। गले से चेन व मंगलसूत्र गायब होने से एक महिला कथा स्थल पर ही बेहोश हो गई थी। भागवत कथा में महिलाओं के गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र चोरी होने की खबर मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। उन्होंने महिलाओं से बातचीत की और कथा स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। गौरतलब है कि चोर व स्नेचर्स मंदिरों,भागवत कथा स्थलों पर आई महिलाओं को अक्सर निशाना बनाते हैं। जिन महिलाओं के गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र की चोरी हुई है, उनमें लखनपुर निवासी निर्मला वर्मा पति स्व. अनिल वर्मा, झिनपुरीपारा निवासी खुशबू साहू पति बृजेश साहू,जूना लखनपुर निवासी किरण अग्रवाल पति राकेश अग्रवाल, प्रेमनगर निवासी परमेश्वरी साहू पति रमाशंकर साहू व जूना लखनपुर निवासी संतोष देवी अग्रवाल पति दिनेश अग्रवाल शामिल हैं।

# जर्जर सड़क को लेकर एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ ग्रामीणों ने चक्का जाम कर किया धरना प्रदर्शन





### » विधायक राजेश अग्रवाल ने किया समर्थन

- संवाददाता -

**लखनपुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।** एसईसीएल अमेरा क्षेत्र में सिंगीटाना से अमेरा मार्ग तक 5किमी खराब और जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को चक्का जाम करते हुए धरना प्रदर्शन किया। पुलीस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच ग्रामीणों को समझाइए भी दिया गया इसके बाद भी ग्रामीण मानने को तैयार नहीं है। जानकारी होते ही स्थानीय विधायक राजेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों का समर्थन किया है।सड़क नहीं बनने की स्तिथि में ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन पर बैठने की बात विधायक राजेश अग्रवाल ने कही है। मिली जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे 130 स्थित सिंगीटाना से अमेरा खदान, पीपर खार सेअमेरा खदान,रजपुरीकला से अमेरा खदान तक सड़क खसताहाल और जर्जर हालत में है। जर्जर और खस्ता हाल सड़क को लेकर पूर्व में ग्रामीणों के द्वारा सरगुजा कलेक्टर सहित सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सोपा गया था परंतु अब तक सड़क नही बन सका है। सड़क नही बनने को लेकर पूर्व में दो बार ग्रामीणों के द्वारा चक्का जाम किया गया था जिस पर एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन के अश्वासन के बाद चक्का जाम धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया था। परंतु आज दिनांक तक सड़क का निर्माण नहीं होने से अक्रोशित ग्रामीणों ने एसईसीएल अमेरा सड़क पर चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलीस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा जहां स्कूल की शिक्षकों के द्वारा जर्जर सड़क को मरम्मत कराए जाने को लेकर ज्ञापन सोपा गया । सुचना उपरांत अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। विधायक राजेश अग्रवाल ने चक्का जाम और धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि सड़क का निर्माण जल्द नहीं होता है।तो मैं खुद ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन पर बैठूंगा। और इन मार्गो से कोल परिवहन भी बंद कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि सड़क बनवाने सरगुजा कलेक्टर और एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वही एसईसीएल क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं होगा तब तक चक्का जाम अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। गौरतलब है की नेशनल हाईवे 130 से लगे गांव सिंगीटाना से लेकर अमेरा खदान तक 5 किलोमीटर की सड़क जज्जर और खस्ताहाल है। जर्जर सड़कों से आवागमन करने में स्कूली बच्चे शिक्षकों और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना होगा की एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा कब तक सड़क का निर्माण कराया जाता है। शनिवार की शाम 4 बजे तक ग्रामीणों का चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन अनिश्चितकालीन जारी है। प्रशासनिक अमले के समझाइस के बाद भी ग्रामीण मानने को तैयार नहीं है।

# विश्व पर्यटन दिवस पर सूरजपुर जिले से शिक्षक मिथिलेश पाठक ने किया अपना शोधपत्र प्रस्तुत



### » सम्मानपत्र और स्मृति चिन्ह देकर जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने किया प्रतिभागी शिक्षक का सम्मान

### » शिक्षक साहित्यकार ने प्रशासन के समक्ष स्वलिखित पुस्तकों का किया प्रदर्शन, मिली सराहना

- संवाददाता -

**सूरजपुर/सरगुजा, 28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।** विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष में जिला प्रशासन सरगुजा एवं छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा उदय पुर विकासखंड के पुरातात्विक और विश्व चर्चित रामगढ़ में ट्राइबल टूरिज्म एंड ट्राइबल विलेज विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया,

कार्यक्रम में सूरजपुर जिले के शिक्षक मिथिलेश पाठक ने सर्व प्रथम अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया,

सेवा पूर्व आकाशवाणी अंबिकापुर में आकस्मिक उद्घोषक रहे मिथिलेश पाठक ने सरगुजा संभाग के जनजातीय रहवास, पुरातात्विक महत्व के क्षेत्र,सांस्कृतिक पर्यटन कलात्मक वस्तु निर्माण और पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और उसका पर्यटन की दिशा में योगदान चुनौतियां आदि विषय पर अपना शोधपत्र पढ़ा साथ ही विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए कार्यक्रम के पश्चात सम्मान पत्र,स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया है।

शिक्षक ने अपनी स्वलिखित पुस्तक इसरो, स्नेहपुंज, साहित्यिकी, अभिति तथा विविध राष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेख एवम रामगढ़ पर तूणीर पत्रिका उत्तरप्रदेश से प्रकाशित एवम चर्चित शोध परख आलेख भी प्रबुद्ध जनों एवम प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जिसकी सराहना की गई है।

इस अवसर पर उदयपुर विकास खंड मुख्यकार्यपालन अधिकारी वेदप्रकाश गुप्ता , छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की ओर से गिरीश गुप्ता,डॉ मोहनलाल साहू ,राकेश मोहन मिश्र,प्रीति तिवारी ,सुनीता दास,के साथ ही शिक्षाविद रामप्रसाद गुप्ता, प्रतिभागी पं योगेश मिश्र, प्रीति पांडेय, अधिकारी कर्मचारी गण , जनप्रतिनिधि एवम श्रोता गण उपस्थित थे।

CMYK



# चैत्र नवरात्रि पर विशेष

# कुछ इस तरह करें माता का स्वागत

## घर को सजाएं इको-फ्रेंडली आइडियाज से

दुर्गा पूजा एक ऐसा समय है जब भक्त देवी की आराधना में लीन होते हैं। लेकिन इस उत्सव की चमक-दमक के अलावा,घर की सजावट भी इस महोत्सव का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस वर्ष,आप अपने घर को सजाने के लिए कुछ इको-फ्रेंडली आइडियाज पर ध्यान दे सकते हैं, जो न केवल आपकी सजावट को खूबसूरत बनाएंगे...बल्कि पर्यावरण के प्रति आपकी जागरूकता भी दर्शाएंगे। भारत में त्योहारों का आयोजन संस्कृति,परंपरा और कला का प्रदर्शन होता है। यह देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय को दर्शाता है और दुर्गा पूजा के दौरान अपने घर को सजाना इस महोत्सव का एक अहम हिस्सा है। दुर्गा पूजा सजावट न केवल घर को सजा देती है,बल्कि यह देवी के प्रति आशीर्वाद मांगने और उनकी उपस्थिति को आमंत्रित करने का एक तरीका भी है।

### इको-फ्रेंडली मूर्तियां चुनें...

दुर्गा पूजा में खूबसूरत मूर्तियां हमेशा आकर्षण का केंद्र होती हैं। आप पारंपरिक मिट्टी की मूर्तियां चुन सकते हैं, जो नॉन-टॉक्सिक रंगों से रंगी होती हैं। यह न केवल आपके घर को सजाता है,बल्कि वाटर को प्रदूषित भी नहीं करता।

### दीपों और मोमबत्तियों से रोशनी करें

दीपक और मोमबत्तियां सजावट के लिए सबसे इफेक्टिव और भी अलग अलग तरीके के आइटम्स हैं। मिट्टी के दीये या सोया मोमबत्ती का उपयोग करें, जो न केवल देखने में सुंदर होते हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी होते हैं।



### रंगोली बनाएं

रंगोली बनाना एक पुरानी परंपरा है। आप फूलों की पंखुड़ियां, रंगीन चावल, दालें और नेचुरल रंगों जैसे हल्दी और चुकंदर का उपयोग कर के एक सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल रंगोली बना सकते हैं।



### मेन गेट और दीवार सजावट

अपने घर के मैन गेट को कपड़े, कागज, नेचुरल फाइबर या आइटम से बने चीजें उपयोग योग्य कर सकते है और लाइटनिंग से सजाएं। यह आपके घर को रंग और उत्सव का अहसास दिलाएगा।

### फूलों की सजावट

फूलों की सजावट एक क्लासिक तरीका है जो आपके घर को खूबसूरत और सुगंधित बना देती है। मौसमी फूलों का उपयोग करें, जैसे कि गेंदे के फूलों से बने गहनों से सजावट करें, जो उत्सव का माहौल बढ़ाते हैं।

### पौधों को सजावट में शामिल करें

पौधे आपके घर की सजावट में हरियाली जोड़ने का एक बेहतरीन तरीका हैं। आप सिरेमिक बर्तनों का उपयोग कर सकते हैं, जो आपके घर की सजावट को और अधिक आकर्षक बनाएंगे।

## बेबी प्लानिंग के दौरान भूलकर भी ना खाएं ये फूड्स

# गर्भधारण में होगी दिक्कत!



आज के समय में बांझपन की समस्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। महिलाओं और पुरुषों में फर्टिलिटी क्षमता से जुड़ी अलग-अलग समस्याएं देखने को मिलती हैं। इसके कई कारण हैं, जिनमें जीवनशैली से जुड़े कारण काफी आम हैं। काम के कारण तनाव भरा जीवन, गलत खान-पान और धूम्रपान की आदत के कारण भी लोगों में गर्भधारण से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आज के समय में बांझपन की समस्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। महिलाओं और पुरुषों में फर्टिलिटी क्षमता से जुड़ी अलग-अलग समस्याएं देखने को मिलती हैं। इसके कई कारण हैं, जिनमें जीवनशैली से जुड़े कारण काफी आम हैं। काम के कारण तनाव भरा जीवन, गलत खान-पान और धूम्रपान की आदत के कारण भी लोगों में गर्भधारण से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक आजकल के लोगों में बांझपन की समस्या खराब खान-पान, प्रोसेस्ड फूडस होती है.इसके अलावा कुछ सुपरफूड ऐसे भी हैं जिसका सेवन प्रेगनेंसी प्लानिंग कर रहे हैं लोगों को नहीं करना चाहिए। क्योंकि, इनके सेवन से आपके गर्भधारण के चांस कम हो सकते हैं।

### इलाइची का सेवन न करें...




आयुर्वेद के अनुसार, कफ को संतुलित करने के लिए हरी इलायची के सेवन की सलाह दी जाती है। इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इलायची का सेवन शरीर में दर्द, सीने में जलन, सांस की तकलीफ और मुंह में कड़वा स्वाद को कम करने के लिए भी जाना जाता है। इलायची हमारे शरीर के पाचन शक्ति बढ़ाता है और साथ ही कफ, खुजली और अन्य समस्याओं से आराम दिलाता है। अगर प्रजनन क्षमता की बात करें तो इलायची का सेवन करने से पुरुषों को इरेक्टाइल डिसफंक्शन जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है। लेकिन आयुर्वेदिक के अनुसार महिलाओं को इलाइची का सेवन कम मात्रा में करना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान ज्यादा इलायची का सेवन आपको नुकसान पहुंचा सकता है।

### अलसी का बीज



आयुर्वेद के मुताबिक, दिल के बीमारियों के लिए अलसी के बीज का सेवन काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा पेशाब से जुड़ी समस्याएं भी कम करने लिए अलसी के बीजों का सेवन फायदेमंद माना जाता है। स्पर्श काउंट में अलसी के बीज को काफी चमत्कारी माना जाता है। अलसी के बीज के सेवन से शुक्राणुओं की संख्या कम हो सकती है। जो लोग गर्भधारण की कोशिश कर रहे हैं उन्हें अलसी के बीज का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।




## राजस्थान का ये गांव है जहां कभी नहीं लगता दरवाजों पर ताला

नई दिल्ली। राजस्थान की संस्कृति और यहां के रहन-सहन कितना अनोखा है, ये हमें आपको बताने की जरूरत नहीं है। राजस्थानी बोलचाल, पहना-ओढ़ावा और खान-पान सबकुछ ही अपने आप में बेहद खास है। इसी खासियत में अब जुड़ने वाला है देवमाली गांव का नाम। यह राजस्थान का एक छोटा-सा गांव है, जो बेवाड़ जिले में स्थित है। इस गांव को भारत का बेस्ट टूरिस्ट विलेज घोषित किया गया है। इस गांव को यह अवॉर्ड केंद्र सरकार द्वारा 27 नवंबर को दिल्ली में दिया जाएगा। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर इस गांव में ऐसा क्या खास है, जिस वजह से इसे ये अवॉर्ड दिया जा रहा है। आइए जानें इस गांव की खासियत।

### क्या है देवमाली गांव की खासियत?

आपको जानकर हैरानी होगी कि इस गांव में किसी के नाम पर भी इस गांव की जमीन नहीं है। 3000 बीघे में बसे इस गांव के लोग ऐसा मानते हैं कि गांव की सारी जमीन उनके ईष्ट देव भगवान देवनारायण की है और इस पर उनका कोई अधिकार नहीं है। यहां के लोग बड़ी सख्ती से अपनी संस्कृति का पालन करते हैं और अपनी परंपराओं से काफी जुड़े हुए हैं।

### नहीं है एक भी पक्का घर

इतना ही नहीं, इस गांव में एक भी पक्का घर नहीं है, बल्कि सभी घर मिट्टी से बने हैं और इन घरों पर छप्पर की छत है। इनका रहन-सहन भी काफी अनोखा है। यहां कोई भी मांस-मछली नहीं खाता और पूरी तरह से शाकाहार का पालन करते हैं। साथ ही, कोई भी व्यक्ति शराब को हाथ भी नहीं लगाता। इसके अलावा, यहां खाना बनाने के लिए या जलावन के लिए मिट्टी के तेल और नीम की लकड़ियों का इस्तेमाल करना बिल्कुल मना है।



## अब ब्लैक या ग्रीन टी छोड़, पीजिए कमल के पत्ते की चाय, मिलेंगे हैरान करने वाले फायदे


नई दिल्ली। तालाब में उगने वाले कमल के पत्ते से बनी चाय एक प्रकार की हर्बल टी है, जो कई तरह के औषधीय गुणों से भरपूर होती है। जिसे सूखे कमल के पत्तों से तैयार किया जाता है। सबसे पहले इसकी शुरुआत प्राचीन चीन में हुई थी।जहां इसे शारीरिक शुद्धि, स्ट्रेस को कम करने और वेट लॉस करने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन इसके औषधीय गुणों की वजह से अब ये लगभग पूरे एशिया में भी काफी लोकप्रिय हो रही है। तो आइए हम सब भी जानते हैं इसे बनाने की आसान विधि और इससे मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में।

### कमल के पत्ते की चाय बनाने की विधि

इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में डेढ़ कप पानी को गर्म होने के लिए रखें अब इसमें 1-2 चम्मच सूखे कमल के पत्ते डालें और 5-7 मिनट तक उबालें। अब चाय को छान लें और स्वादानुसार शहद या नींबू मिलाएं। इस तैयार चाय को गर्मागर्म या ठंडी पी सकते हैं।

## ब्राउन ब्रेड खाना वाकई में होता है हेल्दी?

सुबह-सुबह ब्रेड और चाय खाना बहुत से लोगों को पसंद होता है। कुछ लोग व्हाइट ब्रेड तो कुछ ब्राउन ब्रेड खाते हैं। उनका मानना है कि नॉर्मल ब्रेड की तुलना में ब्राउन ब्रेड सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। इसे खाने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वाकई ब्राउन ब्रेड ज्यादा हेल्दी होता है।आखिर यह व्हाइट ब्रेड से अलग कैसे होता है। आइए जानते हैं जवाब...



### ब्राउन ब्रेड क्यों हेल्दी माना जाता है...

व्हाइट ब्रेड की तुलना में ब्राउन ब्रेड इसलिए ज्यादा जल्दी ऑप्शन माना जाता है, क्योंकि यह गेहूं से बनता है, जबकि व्हाइट ब्रेड रिफाइंड ग्रेन से बनाई जाती है। हेल्थ कॉन्शियस लोग ब्राउन ब्रेड का सेवन कर सकते हैं।

### क्या हर तरह के ब्राउन ब्रेड फायदेमंद

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्रोसेस्ड ग्रेन को होल ग्रेन के साथ मिलाकर खाने से ज्यादा नुकसान नहीं होता है। लेकिन अगर ब्राउन ब्रेड या डार्क कलर ब्रेड होने का मतलब यहन हीं कि वह वाकई पौष्टिक हो या होल व्हीट से बना हो। हर तरह की ब्राउन ब्रेड एक तरह से नहीं बनाई जाती है। इसलिए अगर सिर्फ रंग देखकर ब्रेड को हेल्दी मान रहे हैं तो यह एक भूल हो सकती है।

### क्या सफेद ब्रेड नहीं खानी चाहिए...

सफेद ब्रेड भी खा सकते हैं बस उसमें ब्राउड ब्रेड की तुलना में कम न्यूट्रीशन होते हैं। ब्राउन ब्रेड जब भी चुने तो उसके लेबल पर 100 प्रतिशत होल व्हीट या होल ग्रेन लिखा होना चाहिए। ऐसे ब्रेड में फाइबर, मैग्नेशियम, विटामिन ई और कुछ फैटी एसिड्स मिल जाते हैं जो शरीर के लिए फायेमंद होते हैं।

### ब्राउन ब्रेड क्यों ज्यादा हेल्दी

1. ब्राउन ब्रेड होल वीट यानी गेहूं के आटे से बनती है। इसे बनाने के लिए आटे से चोकर भी नहीं हटाया जाता है. इसलिए इसमें फाइबर ज्यादा होता है।
2. साबुत गेहूं के आटे से बनने के कारण ब्राउन ब्रेड ज्यादा फायदेमंद होता है।
3. ज्यादा फाइबर की वजह से ब्राउन ब्रेड सॉफ्ट नहीं होता,क्योंकि इसे ज्यादा प्रॉसेस नहीं किया जाता है।
4. ब्राउन ब्रेड में नेचुरली ज्यादा खनिज पाया जाता है, जिससे अलग से विटामिन और मिनरल्स मिलाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

# बैकुंठपुर जिला अस्पताल में नर्स की लापरवाही से मां की आंखों के सामने बुझ गया इकलौता चिराग

## सिस्टम की संवेदनहीनता पर उठे सवाल...

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर जिला अस्पताल में 22 सितंबर 2024 को हुई एक दिल दहला देने वाली घटना ने हिला कर रख दिया। इस घटना में अमिया खलखो नाम की नर्स की लापरवाही के चलते सरगुजा जिले के उदयपुर निवासी मुनेंद्र प्रसाद के 26 वर्षीय बेटे चंद्रिका प्रसाद की मौत हो गई। सांस लेने में तकलीफ के बावजूद नर्स ने इसे गैस की समस्या बताकर गलत इंजेक्शन लगा दिया,जिससे चंद्रिका ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक हादसे ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और सिस्टम की संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मरीज के परिजन से नर्स ने कहा कि पैसा खर्चा करोगे तो प्राइवेट टाइप का इलाज किया जाएगा।


अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह
नेता प्रतिपक्ष /पार्षद वार्ड क्र.16 नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर कोरिया (छ.ग.)
महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, कोरिया (छ.ग.)
निज निवास गढ़ेलपारा बैकुण्ठपुर | 8839036883 | annpurnasingh132@gmail.com
पत्र क्रमांक 35
दिनांक 22/09/
प्रति,
माननीय कलेक्टर महोदया,
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0
विषयः- जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर मे लापरवाही से बच्चो की मौत एवं जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार तथा झुठे केस मे फसाने की धमकी व कागज बनाने के एवज मे पैसो की मांग करने के संबंध मे उचित कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र।
महोदया,
विषयांतर्गत लेख है कि बैकुण्ठपुर स्थित जिला अस्पताल मे लापरवाही पूर्वक इलाज के कारण दिनांक 22/09/2024 को शाम/रात 6:35 बजे चंद्रिका प्रसाद पिता श्री मुनेन्द्र प्रसाद जाति बरगाह आयु 26 वर्ष निवासी सरगंवा उदयपुर जिला सरगुजा छ0ग0 की मृत्यु हो गयी । चंद्रिका को सांस लेने मे परेशानी हो रही थी जिसके बाद परिजनो द्वारा नर्स को कई बार निवेदन करने पर वह लापवाही पूर्वक गैस का इंजेक्शन ...

### मां का दर्द

नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा कि मैडम,देख लीजिए, मेरा बेटा तड़प रहा है, सांस लेने में तकलीफ हो रही है! यह गुहार चंद्रिका की मां ने बार-बार नर्स अमिया खलखो से लगाई,लेकिन नर्स ने इसे अनसुना कर दिया। एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही थी पर नर्स की बेरुखी के आगे उसकी ममता हार गई। अस्पताल के भीतर अपने इकलौते बेटे की मौत देख, मां केवल चीख-चीख कर गिड़गिड़ाती रही,लेकिन अस्पताल के कर्मचारी संवेदनहीन बने रहे।

### सिस्टम की कठोरता

जब चंद्रिका की मां ने थक हार कर बैकुंठपुर की नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह को फोन कर मदद मांगी, तो वह तुरंत अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने नर्स अमिया खलखो से बात करने की कोशिश की, लेकिन नर्स ने नेता प्रतिपक्ष को भी अवहेलना करते हुए कहा, ÷जो करना है कर लो, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता!÷ नर्स का यह रुख और उसके बदतमीजी भरे शब्द इस बात की ओर इशारा करते हैं कि सरकारी अस्पतालों में कर्मचारी किस हद तक जवाबदेही से दूर हो गए हैं।

### नेता प्रतिपक्ष का हस्तक्षेप

अन्नपूर्णा सिंह ने इस गंभीर मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जिला चिकित्सा अधिकारी (सीएमएचओ) को जानकारी दी मृतक चंद्रिका प्रसाद की बॉडी को नहीं छोड़ा जा रहा था तब फिर नेता प्रतिपक्ष ने जिला अस्पताल सी एम एचओ से फोन कर जानकारी बताई तब जाकर मृतक की शव को छोड़ा गया और नर्स अमिया खलखो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, ÷इससे बड़ा दुख एक मां के लिए क्या हो सकता है कि उसकी आंखों के सामने उसका बच्चा दम तोड़ दे और कोई उसे बचाने की कोशिश तक न करे। यह सिर्फ एक मां की नहीं, बल्कि पूरे समाज की विफलता है।

### प्रशासन पर सवाल...

यह पहली बार नहीं है जब बैकुंठपुर जिला अस्पताल में इलाज में लापरवाही के आरोप लगे हैं। बार-बार ऐसी घटनाओं से मरीजों का अस्पताल पर से भरोसा उठता जा रहा है। लोग यहां इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन अस्पताल की बदइंतजामी और संवेदनहीनता उन्हें निराश कर देती है। यह दर्दनाक घटना सरकारी अस्पतालों में व्याप्त खामियों का एक और उदाहरण है। एक मां ने अपनी संतान खो दी, एक परिवार उजड़ गया, और हमारा सिस्टम सिर्फ अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ता नजर आ रहा है। अब देखना यह है कि इस घटना के बाद प्रशासन जागेगा या फिर एक और मां अपने बच्चे को खोने का दर्द लेकर लौटेगी।

### आखिरी सवाल

क्या इस बार सिस्टम संवेदनशीलता दिखाएगा, या फिर यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?



## सजग कोरबा के तहत पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

-संवाददाता-
कोरबा,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नेहा वर्मा , पुलिस अनुविभागीय विभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में *सजग कोरबा* अभियान में साईबर क्राइम, नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान, अभिव्यक्ति ऐप, महिला सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पाली पुलिस के द्वारा क्षेत्र के कॉलेज में महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है एवं महिलाओं को किन-किन परिस्थितियों में इस ऐप का इस्तेमाल करना है और इसके क्या-क्या फायदे हैं उसके बारे में भी पाली पुलिस के द्वारा बताया एवं समझाया जा रहा है।साथ में नशा के ख़िलाफ़, यातायात नियम और साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी प्रकार महिला सुरक्षा टीम के द्वारा भी सृष्टि नर्सिंग कॉलेज एवं सिटी सेंटर मॉल में जाकर महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए ये एप डाउनलोड कराया जा रहा है।एवं महिलाओं को आत्म सुरक्षा के गुण भी सिखाए जा रहे। ज्ञात हो कि कोरबा पुलिस के द्वारा सजग कोरबा के तहत प्रत्यक्ष रूप से एवं ह्वाट्सऐप,फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

## स्कूली छात्रों का बनेगा यूनिक अपार आईडी कार्ड

-संवाददाता-
सुरजपुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक रोहित व्यास के निर्देशन में जिले में संचालित हाई/हायर सेकेन्डरी विद्यालयों में तथा पीएमश्री विद्यालयों में अध्ययनरत् समस्त छात्र/छात्राओं का आईडी बनाने के प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। आईडी कार्ड के क्रियान्वयन हेतु कई बिन्दुओ के आधार पर कार्य सम्पादित किया जा रहा है। इसमें कक्षा नौवीं से कक्षा-बारहवीं तक प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध तरीके से अभिभावक-शिक्षक बैठकें (पीटीएम) आयोजित किया जाना है। पीटीएम के लिए, स्कूल प्राधिकृत माता पिता में से किसी एक कों उनके आधार कार्ड या किसी अन्य फोटो पहचान पत्र के साथ आमंत्रित किया जा सकता है।

# अवैध कब्जों और यातायात अव्यवस्था के खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का आक्रोश

## निष्पक्ष जांच और सख्त कार्यवाही की मांग





-संवाददाता-
मनेद्रगढ़ 28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शहर की शासकीय भूमि पर दशकों से जारी अवैध कब्जों और बिगड़ती यातायात व्यवस्था के खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने बड़ा कदम उठाते हुए मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने प्रशासन को सख्त संदेश देते हुए एमसीबी जिला कलेक्टर और छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मंत्री को आवेदन सौंपा,



जिसमें श्री जैन मंदिर से भगत सिंह तिराह तक की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों की निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

### शहर में पार्किंग की सुविधा का अभाव...प्रशासन का उदासीन रवैया

मनेद्रगढ़ जिला बनने के बाद से पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि शहर को सुचारू यातायात और अवैध कब्जों से मुक्ति दिलाने के लिए अब समय आ गया है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी समझे और तत्काल कार्यवाही करे।

### कस्बे से शहर तक—परिवर्तन में समस्याएं बढ़ीं

सन् 2000 से पहले मनेद्रगढ़ एक छोटा सा कस्बा था और सरगुजा जिले का हिस्सा था। उस समय पीडब्ल्यूडी रोड स्टेशन तक जाती थी, लेकिन अब वह पूरी तरह से गायब हो चुकी है। बदलते समय के साथ व्यापारियों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकानें और मकान बना लिए गए, जिन्हें किराए पर चलाया जा रहा है। इससे यातायात की स्थिति बद से बदतर हो गई है, और आम जनता को हर रोज जाम और असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

### शासकीय भूमि पर कब्जा...प्रशासन की नींद गायब

शासकीय स्कूलों के आसपास चल रहे अवैध दुकानों से स्वच्छता का अभाव बढ़ रहा है। बीआरसी कार्यालय के पास शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा भी शिक्षकों की ट्रेनिंग और गतिविधियों को बाधित कर रहा है। पीडब्ल्यूडी चौक से कलेक्टर ऑफिस तक के नेशनल हाईवे पर गाड़ियों की रिपेयरिंग और बिक्री से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, लेकिन प्रशासन की आंखें बंद हैं।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास लापरवाही से बढ़ता खतरा-

स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास गति नियंत्रक और धीरे चलें के बोर्ड की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशों के बावजूद इसे अब तक नहीं लगाया गया है। केवल सिंह मरकाम ने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार का मुद्दा सामने आने के बावजूद, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार को संज्ञान लेना चाहिए।

### प्रशासन की लापरवाही से जनता में आक्रोश-

मनेद्रगढ़ के नागरिक प्रशासन की उदासीनता से त्रस्त हो चुके हैं। जहां एक तरफ भाजपा शासन में लेखापाल रिश्वत लेते पकड़ा गया, वहीं दूसरी तरफ अवैध कब्जों के मामले में कोई सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे। केवल सिंह मरकाम ने चेतावनी दी है कि अगर अवैध कब्जों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं होती, तो गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# मुख्यमंत्री साय 1 अक्टूबर को सुरजपुर में

-संवाददाता-
सुरजपुर,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन जिला मुख्यालय सूरजपुर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में 1 अक्टूबर दिन मंगलवार को दोपहर 1ः00 बजे से छत्तीसगढ़ शासन एवं महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह 2024 के वृहद कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सुनिश्चित हुआ है तैयारी को लेकर कलेक्टर रोहित व्यास एसपी एम आर अहीरे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

-:: कार्यालय पुलिस अधीक्षक,जिला-सरगुजा (छ.ग.)::-

Phone No.07774-220604,Email id-sp-surguja.cg@gov.in

**प्रथम आमंत्रण**

विज्ञप्ति क्रमांक/पुअ/सर/एसी-1/निविदा /664/2024/ दिनांक 25/09/2024

छत्तीसगढ़ शासन के राज्यपाल की ओर से छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम 2002 यथा संशोधित 2022 में उल्लेखित शर्तों के आधार पर कॉलम दर्शित अनुसार निर्माण के कार्य हेतु पंजीकृत डाक(ए.डी)/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा कार्यक्रम निम्नानुसार है:-

01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि - 23.10.2024 (सायं 05:00 बजे तक)
02. निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 28.10.2024 (अपरान्ह 03:00 बजे)
03. निविदा खुलने की तिथि - 28.10.2024 (सायं 04:00 बजे)
04. निविदा प्रपत्र का मूल्य - 750/-रूपये (सात सौ पचास रूपये)
05. सक्षम ठेकेदार - ''ई'' ग्रेड या ऊपर के
06. कार्य पूर्ण करने का समय - 03 माह।

| क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रूपये लाख में) | अमानत की राशि टी.डी.आर. के रूप में | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रक्षित केन्द्र परिसर में वाहन शेड निर्माण कार्य। | 12.00 | 12000.00 रूपये | 03 माह |
| 02 | रक्षित केन्द्र अम्बिकापुर के मीटिंग हाल में रिनोवेशन कार्य। | 3.78 | 3780.00 रूपये | 03 माह |

नियम एवं शर्तें

01. निविदा से संबंधित आवश्यक नियम व शर्तें तथा अन्य विस्तृत जानकारियां कार्यालयीन अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
02. आवेदन पत्र के साथ राशि 750/- रूपये (रू. सात सौ पचास रूपये मात्र) चालन लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 102 अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालान की मूलप्रति पुलिस अधीक्षक कार्यालय,अम्बिकापुर में प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है,जो किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा।
03. निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी।
04. पुलिस अधीक्षक,जिला-सरगुजा को अंतिम अधिकार होगा कि वे बिना कारण बताये निविदा निरस्त कर सकते हैं एवं निविदा की तिथि में संशोधन कर सकते हैं या पुनः निविदा आमंत्रित कर सकते हैं।

जी.नंबर-242502797/1

पुलिस अधीक्षक
जिला-सरगुजा

# 'रन फॉर जीरो हंगर' अभियान से जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा पौष्टिक भोजन

-संवाददाता-
कोरबा,28 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन (वीडीएचएम) के अंतर्गत टाउनशिप वाकथॉन का आयोजन किया। 20 अक्टूबर तक चलने वाले वीडीएचएम रन फॉर जीरो हंगर अभियान में बालको ने अबतक 10 लाख किलोमीटर का सफर तय कर लिया है। वेदांता कर्मचारियों के लिए एक फ़िटनेस ऐप भी लॉन्च किया है। इस ऐप से पता चलेगा कि कर्मचारी कितने किलोमीटर की दौड़ तय कर चुके हैं। दिल्ली हाफ मैराथन के आयोजक वेदांता ने संकल्प लिया है कि कर्मचारियों के प्रत्येक किमी दौड़ने पर एक जरूरतमंद बच्चे को पौष्टिक भोजन मिलेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग खुद को फिट करने के उद्देश्य से मैराथन से जुड़ेंगे और उनके दौड़ने से लाखों जरूरतमंद बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा। कंपनी ने वीडीएचएम के अंतर्गत विभिन्न वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किय हैं। स्वास्थ्य के साथ सामाजिक भलाई को बढ़ावा देते हुए बालको कर्मचारियों तथा उनके परिवारजन ने टाउनशिप के रन फॉर जीरो हंगर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पिछले हफ्ते बालको कर्मचारी, व्यावसायिक साझेदारों, विद्यार्थी और समुदाय के 1400 से अधिक लोग दौड़ में शामिल हुए। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा बाल विकास में योगदान देने के उद्देश्य से नंद घर परियोजना की शुरूआत की गई है। समुदाय के साथ-साथ कंपनी बच्चों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखती है। यह कंपनी के कुपोषण मुक्त भारत बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। वेदांता समूह नंद घर परियोजना से देश भर में सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को प्रभावित करने की दिशा में काम कर रही है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0..../अ-20(3)/2023-24

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता राय पत्नी अमरनाथ राय निवासी तिवारी बिल्डिंग रोड केदारपुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-1 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 99/44 रकबा 0.05 हे0 भूमि एवं निर्मित मकान को बैंक में बंधक रखने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र,मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 14/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त-दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकुन्द राम पिता रामजग राम जाति रजवार निवासी भिठ्ठीकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम झुमरपारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 18/4 रकबा 0.232 हे0 में से 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा, सेटलमेंट, पंचायत प्रस्ताव,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं ,जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 09/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकुन्द राम पिता रामजग राम जाति रजवार निवासी भिठ्ठीकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम झुमरपारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 18/4 रकबा 0.232 हे0 भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की पंचायत प्रस्ताव,ले-आउट,नक्शा रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं ,जो इस न्यायलय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 09/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकुन्द राम पिता रामजग राम जाति रजवार निवासी भिठ्ठीकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लब्जी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 1458/3 रकबा 0.162 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा, सेटलमेंट, पंचायत प्रस्ताव,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं ,जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 09/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

CMYK

## संक्षिप्त खेल की खबरें



### ग्रुप ए में कोई ऑस्ट्रेलिया और भारत को चुनौती पेश कर पाएगा?

**नई दिल्ली,28 सितंबर 2024।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप ए में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं। टीम प्रिव्यू की इस कड़ी की शुरुआत ग्रुप ए की टीमों से करते हैं और उनकी मज़बूत और कमज़ोर कड़ी पर प्रकाश डालते हुए उनके विश्व कप अभियान की संभावनाओं को टटोलने का प्रयास करते हैं।

### लोग डॉली चायवाले के साथ सेल्फी ले रहे थे



**हमें किसी ने नहीं पहचाना...**

**हॉकी खिलाड़ी हार्दिक सिंह का छलका दर्द**

**नई दिल्ली,28 सितंबर 2024।** इन दिनों सोशल मीडिया का क्रेज हर किसी के सिर चढ़ कर बोल रहा है। लोग इन्फ्लुएंसर से काफी प्रेरित भी होते हैं। लोग बड़े सेलिब्रिटी से ज्यादा उन्हें ही ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। इस कहानी का एक अच्छा उदाहरण है हॉकी टीम के खिलाड़ी जिन्होंने अपने साथ घटी एक घटना का खुलासा किया है जिसके बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। दरअसल, हार्दिक सिंह ने एक पॉडकास्ट में बताया कि हम एक बार एक एयरपोर्ट पर थे हमारे साथ मनदीप सिंह, हरमनप्रीत सिंह सहित 5-6 देश के हॉकी खिलाड़ी खड़े हुए थे और वहीं थोड़ी दूरी पर डॉली चायवाला खड़ा हआ था। लेकिन लोग हमारे पास फोटो खिंचवाने नहीं आए, लोग डॉली के साथ फोटो ले रहे थे।

# दूसरे दिन नहीं फेंकी जा सकी एक भी गेंद

**» इतने साल पहले घर पर रद्द हुआ था पूरे दिन का खेल**

**कानपुर, 28 सितंबर 2024।** भारत बनाम बांग्लादेश के बीच खेली जा रही 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसके दूसरे दिन का खेल बारिश और खराब मौसम की वजह से रद्द कर दिया गया। इस टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल भी बारिश की वजह से जहां देर से शुरू हुआ था तो वहीं लंच के बाद पहले खराब रौशनी और फिर बारिश शुरू होने की वजह से सिर्फ 35 ओवर्स के बाद ही दिन का खेल खत्म कर दिया गया था। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के नजरिए से भारतीय टीम के लिए ये मुकाबला काफी अहम है ऐसे में यदि मैच ड्रॉ रहता है तो टीम इंडिया के लिए ये एक झटका जरूर होगा। वहीं 9 साल बाद ऐसा हुआ है जब टीम इंडिया घर पर टेस्ट मुकाबला खेल रही हो और पूरे दिन का खेल रद्द कर दिया गया।



### 2015 में भी अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में हुआ था ऐसा

भारतीय टीम साल 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की टेस्ट सीरीज घर पर खेल रही थी,जिसका दूसरा मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में पहले दिन का खेल तो हुआ था लेकिन दूसरे दिन से लेकर फिर आखिरी दिन तक लगातार बारिश होने की वजह से एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। अब इसके ठीक 9 साल के बाद ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब भारतीय टीम घर पर कोई टेस्ट मुकाबला खेल रही है और उसमें पूरे दिन का खेल रद्द कर दिया गया है। इस मुकाबले में भी उस समय टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, जिसमें अफ्रीकी टीम पहले दिन के खेल में ही 214 रनों के स्कोर पर सिमट गई थी। वहीं टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 80 रन बना लिए थे। हालांकि बारिश होने की वजह से मुकाबला बाद में ड्रॉ पर खत्म हो गया था।


# अल्काराज पहुंचा दूसरे दौर में

## मेदवेदेव ने गाएल मोंफिल्स को हराया...

**बीजिंग, 28 सितंबर 2024।** चार बार के प्रमुख चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने साथी 21 वर्षीय जियोवानी एमपेटशी पेरीकार्ड को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव नेयहां चाइना ओपन के पुरुष वर्ग के पहले दौर में अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराया।

इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतने वाले अल्काराज़ के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण मैच था, क्योंकि उन्हें एटीपी टूर पर सबसे बड़ी सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक एमपेटशी पेरीकार्ड का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके पास अपने नवीनतम अभियान से अभ्यस्त होने के लिए बहुत कम समय था।

हालांकि, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने एमपेटशी पेरीकार्ड की मारक क्षमता के साथ जल्दी से तालमेल बिठाया और पहले दौर की जीत में शानदार प्रदर्शन किया। अल्काराज़ ने प्रत्येक सेट के शुरुआती



गेम में फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस को तोड़कर 81 मिनट में अपने 21 वर्षीय साथी खिलाड़ी को हराया।

अल्काराज़ को शिन्हुआ ने यह कहते हुए उद्धृत किया, ईमानदारी से कहूं तो यह आसान नहीं था। वह वास्तव में एक शक्तिशाली खिलाड़ी है। बड़ी सर्विस, बेसलाइन से बड़े शॉट। इसलिए मुझे वास्तव में ध्यान केंद्रित करना था। यही योजना थी। बहुत अधिक गलतियाँ न करने और बेसलाइन से आक्रामक तरीके से खेलने की कोशिश करें।

अल्काराज़ ने ल्योन चैंपियन एमपेटशी पेरीकार्ड के साथ अपने पहले लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबले में अर्जित दोनों ब्रेक पॉइंट को भुनाया। हालांकि , इन्फोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने अपनी पहली डिलीवरी के पीछे 83 प्रतिशत (20/24) अंक जीतकर मैच समाप्त किया, लेकिन प्रत्येक सेट की शुरुआत में चूक के कारण उनकी जीत की उम्मीद कमज़ोर पड़ गई।

एक युवा प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ़ अपने तीसरे टूर-लेवल मैच में जीत हासिल करने के बाद, अल्काराज़ ने इस सीजन् में अपना रिकॉर्ड 44-9 पहुंचा दिया । इस सप्ताह की शुरुआत में निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले स्पेन के इस खिलाड़ी का दूसरे दौर में टैलोन ग्रीक्सपूर से मुकाबला होगा।पहले दौर के एक अन्य मैच में रूसी स्टार मेदवेदेव ने अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह पक्की की।

## केन विलियमसन को एक ही सेशल में दो बार करनी पड़ी बल्लेबाजी




### श्रीलंका के सामने पस्त न्यूजीलैंड

**कोलंबो,28 सितंबर 2024।** श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की बुरी हालत हो गई है। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेजबान श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खेल के तीसरे दिन 5 विकेट पर 602 रन बनाकर अपनी पारी को घोषित किया। इसके जवाब में जब न्यूजीलैंड की बैटिंग शुरू हुई तो पूरी टीम ताश के पत्तों की रह बिखर गई। न्यूजीलैंड की टीम दूसरे सेशन के खत्म होने से पहले ही 88 रन पर ही ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे ज्यादा मिचेल सैंटनर ने 29 रनों की पारी खेली। इसके अलावा 7 बल्लेबाज ऐसे रहे जो दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाए। टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन 53 गेंद खेलकर महज 7 रन बना सके। इसके साथ विलियमसन के नाम के एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया जिसे वह कभी याद नहीं रखना चाहेंगे।

# कोको गॉफ ने क्लारा ब्यूरेल को हराया

**» वाइल्डकार्ड खिलाड़ी झांग शुआई ने दूसरे राउंड में नवारो को बाहर किया...**

**बीजिंग, 28 सितंबर 2024।** कोको गॉफ ने यहां चाइना ओपन के दूसरे राउंड में क्लारा ब्यूरेल को 7-5, 6-3 से हराया, जबकि चीन की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी झांग शुआई ने यूएस ओपन सेमीफाइनलिस्ट एम्मा नवारो को हराकर बाहर कर दिया। यूएस ओपन खिताब की रक्षा में एम्मा नवारो से चौथे राउंड में हारने के बाद अपने पहले मैच में, नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिका की गॉफ ने फ्रांस की विश्व नंबर 56 ब्यूरेल पर 100 मिनट में जीत दर्ज की। गॉफ को जीत हासिल करने से पहले पहले सेट में 5-4 पर एक सेट प्वाइंट बचाना पड़ा। गॉफ का अगला मुकाबला रविवार को राउंड ऑफ 32 में नंबर 26 वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन की कैटी बौल्टर से होगा। बौल्टर ने शुक्रवार को गॉफ की साथी अमेरिकी टेलर टाउनसेंड को 6-4, 6-4 से हराया। गॉफ और बौल्टर के बीच पिछली दो भिड़ंत बराबरी पर रहीं, बौल्टर ने 2021 में डब्लूटीए 500 मेलबर्न में तीन सेटों में जीत दर्ज की, जबकि गॉफ ने



पिछले साल डब्लूटीए 1000 मॉन्ट्रियल में सीधे सेटों में जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 595वें स्थान पर काबिज झांग शुआई ने विश्व रैंकिंग में 8वें स्थान पर काबिज नवारो को मात्र 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम 32 में जगह बनाई।

35 वर्षीय ने कहा, मुझे लगता है कि कई प्रशंसक मेरा समर्थन करते हैं,लेकिन कई ऐसे भी हैं जो मानते हैं कि मैं अब इतना अच्छा टेनिस नहीं खेल सकती। उन्हें लगता है कि मेरी उम्र और शारीरिक स्थिति ठीक नहीं है। मैं बस सभी को दिखाना चाहती हूं कि मेरे दैनिक प्रयास व्यर्थ नहीं गए हैं। सपने देखने वाले हर व्यक्ति को उसका पीछा करना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। सपनों का आपकी उम्र से कोई लेना-देना नहीं है।

दूसरी ओर, चीन की वांग शिन्यू को महिला एकल के दूसरे दौर में रूस की वेरोनिका कुडरमेतोवा ने 3-6, 6-4, 7-5 से हराया। ओलंपिक मिश्रित युगल रजत पदक विजेता चीन के झांग झिझेन को पुरुष एकल के पहले दौर में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से 6-3, 4-6, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

झांग झिझेन, जो तीन दिन पहले एटीपी 250 हांगझोउ टेनिस ओपन के फाइनल में पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से हार गए थे, और अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीतने से चूक गए।

चीनी डर्बी में, ब्यूंचाओकेटे ने वापसी करते हुए शांग जुनचेंग को 6-7 (3), 6-2, 6-4 से हराया। यह जीत ब्यूंचाओकेटे की पहली एटीपी 500 जीत और टूर पर उनकी कुल पांचवीं जीत है।



### कार हादसे के बाद मुशीर खान क्रिकेट से तीन महीने तक रह सकते हैं दूर

**लखनऊ,28 सितंबर 2024।** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान के छोटे भाई मुंबई के ऑलराउंडर मुशीर खान की लखनऊ के बाहरी इलाके में हुई सड़क दुर्घटना के बाद हालत अब स्थिर है लेकिन वह आगामी ईरानी कप से शुरू होने वाले क्रिकेट सत्र से लेकर लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। मुशीर के गर्दन में चोट लगी है जिसके कारण उनके कम से कम तीन महीने तक क्रिकेट से बाहर रहने की संभावना है। इससे वह 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र की शुरुआत में मुंबई के मैचों से बाहर हो गए हैं।

# इस पूर्व क्रिकेटर ने बताया मोहम्मद शमी का विकल्प

**» कहा-बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी में ये खिलाड़ी ले सकता है जगह**

**नई दिल्ली, 28 सितंबर 2024।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मशहूर कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने उस खिलाड़ी का नाम बताया है जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए धाकड़ तेज गेंदबाज शमी का बेस्ट रिप्लेसमेंट हो सकता है। हालांकि, मांजरेकर ने शर्त रखी है। उन्होंने कहा है कि अगर शमी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए फिट नहीं हुए तो दाहिने हाथ के पेसर आकाश दीप सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे। शमी अनफिट होने के कारण लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बीजीटी का आगाज होना है। दोनों टीमें पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टकराएंगी।

मांजरेकर ने क्रिकइन्फो पर चर्चा के दौरान कहा कि, जब भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए जाएगी तो ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी लेफ्ट हैंडर्स होंगे। आकाशदीप राउंड द विकेट जो




गेंदबाजी करते हैं, उनकी सटीक लाइन और लेंथ है। वह 140 नहीं बल्कि 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। लेकिन उनकी ताकत है कि गेंद हवा में बहुत सीधा आती है। फिर ऑफ द पिच थोड़ी बहुत हरकत करती है। अच्छे बल्लेबाजों को ऐसे गेंदबाज ज्यादा परेशान करते हैं। मेरे हिसाब से अगर मोहम्मद शमी फिट नहीं हुई तो आकाश उनके सबसे बेस्ट विकल्प हो सकते हैं।

# रजत बेदी:अक्षय कुमार से होती थी तुलना

### कद-काठी पर मर मिटी थीं लड़कियां, फिर क्यों छोड़ना पड़ा बॉलीवुड?

वो एक्टर, जिसके सामने अक्षय कुमार जैसे स्टार्स की चमक भी फीकी पड़ने लगी थी। उनकी लंबी-चौड़ी कद-काठी ने लाखों हसीनाओं को उनका दीवाना बना दिया था। जब उन्होंने इंडस्ट्री में कदम रखा तो सबके पसीने छूट गए। सभी को लगा था कि वो इंडस्ट्री में लंबी पारी खेलेंगे और बहुत दूर तक जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

वो एक्टर धीरे-धीरे गुमनामी के अंधेरे में खोने लगा। और एक दिन ऐसा आया कि उन्होंने बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। हम बात कर रहे हैं फेमस एक्टर रजत बेदी की। वो अब कहां हैं, क्या करते हैं और उन्होंने चकाचौंध से भरी दुनिया को क्यों छोड़ा, आइये आज हमारे वीकली सेगमेंट सैटरडे सुपरस्टार में जानते हैं सब कुछ...रजत बेदी का जन्म 1 जनवरी 1970 को मुंबई में हुआ था। उनके पास भारत की नहीं, बल्कि कनाडा का नागरिकता है। वो इस वक्त 54 साल के हैं।

#### प्रोड्यूसर भी हैं रजत

रजत एक्टर होने के साथ-साथ प्रोड्यूसर भी हैं। उन्हें साल 2003 में रिलीज कोई... मिल गया से घर-घर में पहचान मिली थी।

#### फिल्मी परिवार से ताल्लुक,शादी और बच्चे

रजत के पिता नरेंद्र बेदी भी फिल्ममेकर रहे। उनके दादा राजेंद्र बेदी राइटर थे और मानेक बेदी के भाई हैं। राजेंद्र ने मोनालिसा बेदी से शादी की, जोकि ट्यूलिप जोशी की बहन हैं। रजत और मोनालिसा के दो बच्चे हैं विवान और वेरा।



#### 90 के दशक में एक्टिंग में रखा कदम

रजत ने 1990 में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वो 1998 में दोबारा, 1995 में करण अर्जुन जैसी फिल्मों में नजर आए।

#### हर किरदार में खुद को ढाल लेते थे रजत

रजत एक्शन भी करते थे, कॉमेडी भी और ड्रामा रोल में भी वो ढल जाते थे। फिटनेस का कीड़ा तो ऐसा था कि जमकर पसीना बहाते थे और बॉडी-शॉडी बनाकर रखते थे।

#### 40 से ज्यादा फिल्में,फिर भी हुआ ये हाल

रजत ने हिंदी के अलावा साउथ फिल्मों में भी काम किया। कन्नड़, तेलुगू के अलावा पंजाबी फिल्मों में भी नजर आए। उन्हें पिछली बार 2023 में अमीषा में देखा गया। पर 2008 के बाद वो लगभग गायब ही हो गए थे और फिर 2012 में वापसी की। फिर 5 साल बाद पर्दे पर नजर आए और फिर 7 साल बाद फिल्म मिली।

#### रजत ने छोड़ दी थी इंडस्ट्री?

इसकी वजह कोई... मिल गया फिल्म ही है। कहा जाता है कि इस फिल्म से रजत के कई सीन्स काट दिए गए थे। यहां तक कि उन्होंने प्रमोशनल इवेंट्स में भी नहीं शामिल किया गया, जिसके बाद वो बहुत मायूस हो गए थे और उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ने का फैसला कर लिया था।

#### कनाडा जाकर बस गए थे रजत

वो कनाडा चले गए थे। वहां पर उन्होंने अपना कंस्ट्रक्शन का बिजनेस शुरू किया। उनकी वाइफ आर्किटेक्ट हैं। बिजनेस चल भी गया, लेकिन रजत हमेशा इंडस्ट्री को मिस करते थे। इसीलिए वो फिर से मुंबई शिफ्ट हो गए। हालांकि, वैसी शोहरत दोबारा नहीं मिली।

## नेहा मलिक ने कराया बोल्ड फोटोशूट



भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक अक्सर बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। उनकी हर एक तस्वीर इंटरनेट पर आते ही छा जाती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस के पसीने छूट गए हैं।एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के बीच तबाही मचाती रहती हैं।वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट की हैं।इन तस्वीरों में उनकी बलखाती हुई अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस फोटोज पर लाइक्स करते नहीं थकते हैं।नेहा मलिक ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाउट कलर का सैटिन थाई स्लिट नाइट ड्रेस पहना हुआ था, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही थीं। उनका इस लुक ने इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है।बालों को कर्ली स्टाइल लुक देकर और लाइट मेकअप साथ ही पिंक लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा शानदार तरीके से निखारा है। एक्ट्रेस नेहा मलिक की इन फोटोज पर अब तक कई यूजर्स ने कॉमेंट्स कर दिए हैं। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- ब्यूटिफुल पिक। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- बम पटोला। तीसरे यूजर ने लिखा है- यू स्ले क्वीन।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना

राजधानी समाचार

अम्बिकापुर, रविवार 29 सितम्बर 2024

8

# फर्जी एसबीआई ब्रांच का हुआ भांडाफोड़

» असली वालों के सामने कर्मचारी देने लगे अजब-गजब जवाब...

» फर्जी बैंक ब्रांच मामले में पुलिस ने शुरू की जांच...

» शिकायत के बाद पुलिस ने सारा सामान जब्त किया...

» बैंक मैनेजर और पांच कर्मचारी कर रहे थे काम




**सक्ती,28 सितम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जिसके शिकार सैकड़ों लोग हुए हैं। आप जानकर यह सोच में पड़ जाएंगे कि ऐसा भी होता है क्या। कुछ लोगों ने छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में स्टेट बैंक ऑफर इंडिया की फर्जी ब्रांच खोल लिया। साथ ही कुछ स्थानीय लोगों को नौकरी भी दे दी। खुलासा होने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है।

### ये है फर्जी बैंक ब्रांच का मामला

दरअसल, सक्ती के मालखरौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत छपोरा गांव में फर्जी ब्रांच खुलासा है। यह ब्रांच वैभवी कॉम्प्लेक्स में खुला है। ब्रांच फर्जी होने की शिकायत कुछ दिन पहले मालखरौदा थाने में हुई थी। इसके बाद पुलिस की टीम ने मेन ब्रांच में जाकर इसके बारे में पूछताछ की।

इसके बाद पुलिस की टीम एसबीआई के अधिकारियों के साथ मौके पर जांच करने पहुंची। वहां पुलिस को देखते ही कथित बैंक मैनेजर फरार हो गया। इसके बाद बैंक में काम कर रहे पांच कर्मचारियों से पुलिस ने पूछताछ शुरू की। उनलोगों ने बताया कि हमारी भर्ती इंटरव्यू के जरिए हुई है। साथ ही ट्रेनिंग भी हुई है।

### एसबीआई के अधिकारी हैं हैरान

वहीं,इस खुलासे के बाद एसबीआई के अधिकारी हैरान हैं। पुलिस की टीम फरार मैनेजर की तलाश में जुटी है। साथ ही यह जांच कर रही है कि आरोपियों ने इस नाम पर लोगों से कितने की ठगी है। एसबीआई के अधिकारियों का कहना है कि जब भी कोई नया ब्रांच खुलता है तो शहर में मेन ब्रांच को इसकी सूचना होती है। साथ ही भर्ती एसबीआई की तरफ से होती है।

### सारा सामान किया जब्त

इसके साथ ही पुलिस ने फर्जी ब्रांच से सारा समान जब्त कर लिया है। अब आगे की पड़ताल की जा रही है। जब्त कंप्यूटर से कुछ नया सुराग मिल सकता है। बताया जा रहा है कि इस शाखा में स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। कई लोगों ने यहां रकम भी जमा किए थे।

# मान्यता रद्द हो चुके कॉलेज में छत्तीसगढ़ सरकार दे रही है एडमिशन

» सैकड़ों छात्रों के भविष्य के साथ किया जा रहा है खिलवाड़



**रायपुर,28 सितम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार उन कॉलेजों में एडमिशन दे रही है जिनकी मान्यता रद्द हो चुकी है और सैकड़ों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। छत्तीसगढ़ में धोखाधड़ी का एक नया मामला सामने आया है जो चौंकाने वाला है। सरकार उसी कॉलेज में छात्रों को एडमिशन दे रही है जिसकी मान्यता रद्द हो चुकी है। कॉलेज की मान्यता दिल्ली ने रद्द कर दी थी लेकिन उस कॉलेज की सीटें राज्य के छात्रों को आवंटित की जा रही हैं। यह एक नर्सिंग कॉलेज है जिसकी मान्यता रद्द कर दी गई है। इस कॉलेज में काउंसलिंग और सीट आवंटन के लिए सरकारी कार्यालय से पत्र जारी किया गया है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी इस आदेश की जानकारी निदेशक को भी नहीं है। क्या है पूरा मामला नर्सिंग कॉलेज धोखाधड़ी कई राज्यों में बड़ा मुद्दा बन गया है। छत्तीसगढ़ उनमें से एक है। एक कमरे के कॉलेज खोलकर छात्रों का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। इस संबंध में कोर्ट ने भी अपनी नाराजगी जताई है। ऐसा ही एक और मामला छत्तीसगढ़ में सामने आया है। भारतीय चिकित्सा परिषद ने राजनांदगांव के सेंट्रल इंडिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग की मान्यता रद्द कर दी है। भारत सरकार के राजपत्र में 9 जून 2023 को इसका प्रकाशन किया गया है। लेकिन छत्तीसगढ़ की काउंसलिंग कमेटी ने गुपचुप तरीके से छत्तीसगढ़ राज्य के विद्यार्थियों को बिना सूचना दिए सेंट्रल इंडिया कॉलेज के लिए प्रवेश और आवंटन पत्र जारी कर दिया है। इस पत्र में उस कॉलेज की मान्यता रद्द होने की जानकारी भी नहीं दी गई। राजपत्र अधिसूचना में साफ लिखा है कि इस कॉलेज के आवंटन पत्र में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि इस कॉलेज से पास होने वाले विद्यार्थी सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नौकरी कर सकेंगे, किसी अन्य राज्य में नहीं। यह पत्र आयुक्त चिकित्सा शिक्षा कार्यालय की ओर से जारी किया गया है। यह सरकारी वेबसाइट पर भी दिखाई दे रहा है। विभाग की इस गलती के कारण सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं जब इस बारे में डीएमई यूएस पैकरा से जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह पत्र उनकी तरफ से नहीं भेजा गया है, यह पत्र सीएमई यानी कमिश्नर कार्यालय से भेजा गया होगा। इस बारे में जब कमिश्नर किरण कौशल से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन बंद मिला।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से संपर्क नहीं हो सका। उनसे मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर सरकार का इस तरह का रवैया सवाल खड़ा करता है कि क्या सरकार इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें



### सहकारिता मंत्री के ओएसडी हटाए गए

» मंत्रालय से आदेश जारी

**रायपुर,28 सितम्बर 2024(ए)।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी सुनील तिवारी को हटाकर उनके मूल पद पर वापस भेज दिया गया है। यह आदेश मंत्रालय से आज जारी किया गया है।

### उद्योग विभाग में अफसरों को थोक में मिली पदोन्नति




**रायपुर,28 सितम्बर 2024(ए)।** उद्योग संचालनालय में बड़ी संख्या में अफसरों को पदोन्नति मिली है। विभाग में लगभग दो दर्जन से अधिक अफसरों को इसका लाभ मिला है। इस आदेश में उप संचालक व महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत 3 अफसरों को संयुक्त संचालक और मुख्य महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया है। सहायक संचालक और प्रबंधक के पद पर कार्यरत 20 अधिकारियों को उप संचालक व महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नति दी गई है। इसी तरह 3 सहायक महाप्रबंधकों को संचालक व प्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### पिता-पुत्र पर चाकू से ताबतोड़ वार,अस्पताल में हुए भर्ती



**धमतरी,28 सितम्बर 2024(ए)।** कोलियारी चौक में अज्ञात बदमाश ने पिता-पुत्र को चाकू मारकर फरार हो गया। हमलावर ने होटल में आया और मालिक को दादा बोलकर अपने पास बुलाया, फिर उसके पेट में चाकू से हमला किया। बचाव करने दौड़े पुत्र पर भी हमला किया। दोनों पिता-पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना शुक्रवार की देर-शाम करीब 5 बजे की है। अर्जुनी थाना क्षेत्र के कोलियारी चौक में खम्हन निषाद के होटल में शाम को अज्ञात युवक आया। होटल मालिक 65 वर्षीय खम्हन निषाद को दादा कहकर बाहर बुलाया। जेब से चाकू निकालकर मार दिया। उसके बेटा विजय निषाद (43) पर भी चाकू मारा। घटना के बाद हमलावर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया।

# कर्मचारी राज्य बीमा योजना पूरे छत्तीसगढ़ में होगी लागू

» निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा : श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन



**रायपुर,28 सितम्बर 2024(ए)।** श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अध्यक्षता में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक हुई। इस बैठक में फैसला लिया गया कि छत्तीसगढ़ में श्रमिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने कर्मचारी राज्य बीमा योजना को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

### रायपुर,बिलासपुर, कोरबा में नए अस्पताल

कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बिलासपुर में 100 बिस्तर का नया अस्पताल शुरू किया जाएगा. इसके लिए राज्य सरकार की तरफ से जल्द जमीन उपलब्ध करायी जाएगी. रायपुर और कोरबा के अस्पतालों को 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन, लारा एवं खरसिया के अस्पतालों को जल्द शुरू करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए।

### निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा पर चर्चा

श्रमिकों को कैंसर, किडनी जैसे गंभीर रोगों के इलाज के लिए औषधालयों से सीधे अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा भी मिलेगी. बिलासपुर में नए 100 बिस्तर अस्पताल के लिए राज्य सरकार की तरफ से जल्द जमीन उपलब्ध करायी जाएगी. बीमित व्यक्तियों एवं नियोक्ताओं की सुविधा के लिए कोरबा, रायगढ़ और बिलासपुर के क्षेत्रों को मिलाकर कर्मचारी राज्य बीमा निगम का उप क्षेत्रीय कार्यालय शुरू करने का प्रस्ताव पर भी बैठक में चर्चा की गई।

### अस्पतालों में बढ़ाई जाएगी सुविधा

रायपुर और कोरबा के अस्पतालों को तीन माह के भीतर 50 बिस्तर से बढ़ाकर 100 बिस्तर किए जाने पर चर्चा हुई.।लारा और खरसिया के अस्पतालों को नवंबर माह तक शुरू करने का भी फैसला बैठक में लिया गया। भिलाई और रायगढ़ के 100 बिस्तर अस्पतालों में मरीजों की भर्ती के लिए मेटरनिटी वार्ड, एक्सरे, ऑपरेशन थियेटर, लैबोरेटरी की सुविधा शुरू की जाएगी. कोरबा और रायपुर के अस्पतालों में आने के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराने के निर्देश मंत्री ने दिए।

# सेंट्रल जीएसटी के दो अफसर सस्पेंड

» कारोबारियों से लाखों रुपयों की वसूली का मामला,वित्त मंत्री चौधरी की पहल पर हुई कार्रवाई




**रायपुर,28 सितम्बर 2024(ए)।** सेंट्रल जीएसटी के दो अफसरों को निलंबित कर दिया गया है। इनके खिलाफ छत्तीसगढ़ के दो व्यापारियों को केंद्रीय जीएसटी में गड़बड़ियों के नाम पर धमकाकर सात लाख रूपये वसूलने के आरोप हैं। यह मामला प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी तक पहुंचा और उनकी अनुशंसा के आधार पर केंद्र ने यह कार्यवाही की है।

सेंट्रल जीएसटी की छत्तीसगढ़ इकाई में पदस्थ सुप्रिंटेंडेंट पल्लव परगनिहा और आशीष पाठक के खिलाफ ये कार्रवाई की गयी है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में सेंट्रल जीएसटी के यह अधिकारी कारोबारियों से जबरिया वसूली कर रहे हैं। केंद्र ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल जांच शुरू की गई। जिसके बाद जांच में सेंट्रल जीएसटी के छत्तीसगढ़ में पदस्थ सुप्रिंटेंडेंट पल्लव पारगनिहा और आशीष पाठक के खिलाफ शिकायत सही पाई गई। जिसके बाद दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है।

### प्रदेश के अफसरों पर निगरानी बढ़ाई

इस कार्रवाई के बाद अब सेंट्रल जीएसटी ने छत्तीसगढ़ में पदस्थ अफसरों पर निगरानी बढ़ा दी है। दोनों अफसर लंबे समय से छत्तीसगढ़ में कार्यरत रहे। बताया जा रहा है कि पहले भी ऐसी शिकायतें मिलती रही हैं, लेकिन मुख्यालय स्तर पर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। आखिरकार प्रदेश के वित्त मंत्री को खुद पहल करनी पड़ी और जांच के बाद यह कठोर कार्रवाई की गई।

# आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य पर 12 से अधिक शिक्षिकाओं और छात्राओं ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप



**जशपुर,28 सितम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से यौन उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है. जिले के मनोरा आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य आर बी निराला पर नाबालिग छात्राओं समेत एक दर्जन से अधिक शिक्षिकाओं ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस मामले के सामने आते ही कलेक्टर ने आरोपी प्राचार्य को शो कॉज नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है।

# रेल्वे में नौकरी लगवाने का झासा देकर की लाखों की ठगी,2 महिलाएं फरार




**बिलासपुर,28 सितम्बर 2024 (ए)।** न्यायधानी बिलासपुर के पंजाबी कॉलोनी में रहने वाले निवासी सतपाल सिंग भदराजा के बेटी, बेटा का नौकरी लगाने के लिए सतपाल सिंह से किरन भोइ निवासी सेंदरी कोनी बिलासपुर व सुमन सिंह निवासी दीपका कोरबा नामक महिलाओं ने सतपाल सिंह से मीठी मीठी बात कर के उसके बेटी बेटा को नौकरी लगवाने का आश्वासन दे कर 7 लाख रक़म ऐठ लिये और रेल्वे में नौकरी लगने का फर्जी नियुक्ति पत्र थमाक़र महिलायें फ़रार हो गई जिसकी सूचना सिटी कोतवाली थाना में सतपाल सिंह द्वारा दे दिया गया हैं।

जिस सूचना के द्वारा किरन भोइ व सुमन सिंह के खिलाफ 420,34 के तहत एफ़.आई. आर दर्ज कर महिलाओं को ढूंढने में पुलिस जुटी हुई हैं सूत्रों की माने तो किरन भोइ व सुमन सिंह महिलाओं का ग्रुप हैं इनके ग्रुप के लोग और किरन भोई व सुमन सिंह महिलाओं द्वारा लोगो से नौकरी लगवाने का झासा दे कर रक़म ऐठने का काम करती हैं और फ़र्जी दस्तावेज़ भी हेर फेर करती हैं ना जाने इन फर्जी लोगो के झासे के कितने लोग शिकार हुए हैं ? लोग ऐसे किसी व्यक्ति के झांसे में ना आए जो नौकरी लगाने के नाम पर रक़म की मांग करते हैं कृपया ऐसे व्यक्ति से सावधान व सतर्क रहे।

# इस पूर्व नेता प्रतिपक्ष के भाई ने की खुदकुशी

**जांजगीर,28 सितम्बर 2024(ए)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के भाई व भाजपा नेता ने खुदकुशी कर ली है। शेखर चंदेल (50) की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई,ट्रक पर लाश मिली है। बताया जा रहा है कि बीजेपी नेता शेखर चंदेल ने नैला रेलवे स्टेशन के पास खुदकुशी की है। यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात की है। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, आरपीएफ , जीआरपी और एसपी समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि मौके से अभी पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।






# कांकेर में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

» नक्सल कनेक्शन की जांच में 4 जगह छापा...

» पत्रकार के घर भी दबिश...

**रायपुर,28 सितम्बर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में आज राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी छापेमारी की कार्रवाई की। सुबह से चार अलग-अलग स्थानों पर एनआईए की टीम ने छापा मारा, जिसमें एक स्थानीय पत्रकार के निवास पर भी दबिश दी गई है। इस कार्रवाई के तहत नक्सलियों के साथ संभावित संबंधों की जांच की जा रही है। मामले में बड़े खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

### भाजपा नेता की हत्या से जुड़े मामलों में चल रही जांच

यह कार्रवाई नक्सल मामलों और भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या की जांच से जुड़ी है। इससे पहले भी,पिछले महीने एनआईए ने कांकेर और बस्तर संभाग के कई इलाकों में छापेमारी की थी, जहां से कई आपत्तिजनक दस्तावेज और नकदी बरामद किए गए थे।

### किन-किन स्थानों पर मारे गए छापे ?

एनआईए की टीम ने कांकेर के मुजालगोंडी, कलमुचे, आमाबेड़ा और जिवलामारी गांवों में छापेमारी की है। यह इलाके नक्सल गतिविधियों के नाम से जाने जाते हैं। एजेंसी यहां नक्सली नेटवर्क से जुड़े सुराग तलाश रही है। इससे पहले हुई छापेमारी के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था, जिनके पास से मोबाइल फोन,दस्तावेज और नगदी जब्त की गई थी।

एनआईए की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। आने वाले दिनों में इस मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं।

# कसडोल के सतनाम भवन से शुरू हुई कांग्रेस की दूसरे दिन की पदयात्रा



**रायपुर,28 सितम्बर 2024(ए)।** कांग्रेस पार्टी की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का दूसरा दिन कसडोल के सतनाम भवन से शुरू हुआ। यात्रा के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने माँ महामाया के मंदिर पर जा कर पूजा अर्चना किया। उन्होंने प्रदेश मे शांति की कामना राज्य के हर नागरिक की सुख समृद्धि की कामना की। यात्रा के रवाना होने के पूर्व सेवादल के कार्यकर्ताओ ने झंडा वंदन किया तथा ध्वज गीत और राष्ट्र गीत, राष्ट्रगान का गायन किया। दूसरे दिन की यात्रा लवन खरतोरा मार्ग से गुजरेगी। आज की यात्रा का पहला पड़ाव कुम्हारी मे होगा, जहां दोपहर भोजन के बाद यात्रा आगे रवाना होगी रात्रि विश्राम रोहांसी मे होगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)